

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज


**सब पर नजर, सटीक खबर**

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | सोमवार, 24 फरवरी 2025 | वर्ष: 03, अंक: 03, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# टीम इंडिया की पाक पर धमाकेदार जीत

## किंग कोहली का शतकीय सलाम, श्रेयस भी चमके




**दुबई**
**भारत** ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 49.4 ओवर में 241 रन पर सिमट गई थी। जवाब में भारत ने 42.3 ओवर में चार विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक लगाया। वह 111 गेंद 100 रन बनाकर नाबाद रहे। एक वक्त ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान विराट को शतक नहीं बनाने देने की साजिश रच रहा है। शाहीन वाइड पर वाइड फेंक रहे थे। 43वें ओवर में भारत को जीत के लिए चार रन और कोहली को शतक के लिए पांच रन चाहिए थे। 43वें ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने एक रन लिया। फिर अगली गेंद पर अक्षर ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर विराट ने चौका लगाकर शतक भी पूरा किया और भारत को जीत भी दिलाई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में अब दो मैच जीत लिए हैं और सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं, पाकिस्तान की टीम लगभग चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गई है। उसे अब अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। भारत के दो मैचों के बाद चार अंक हैं, जबकि पाकिस्तान दो मैचों में खाता नहीं खोल सका है।

**भारत की पारी**
242 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। रोहित आक्रामक खेलने की कोशिश में शाहीन अफरीदी की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। वह 15 गेंद पर तीन चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद शुभमन गिल और विराट कोहली ने पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी निभाई। गिल अर्धशतक से चूक गए। वह 52 गेंद में सात चौके की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद कोहली के साथ भारत को जीत तक ले जाने की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर ने संभाली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी निभाई। खुशदिल शाह ने श्रेयस अय्यर को इमाम के हाथों कैच कराया। वह 67 गेंद पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कोहली ने अक्षर के साथ मिलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।

## चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत का मप्र में मना जश्न, जमकर झूमे क्रिकेट प्रेमी



**भोपाल**
दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार को खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के महामुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को छह विकेट से धूल चटा दी। भारतीय टीम की इस जीत का देशभर के साथ मध्य प्रदेश में भी जश्न मनाया जा रहा है। टीम इंडिया की जीत पर इंदौर के राजवाड़ा में सैकड़ों किक्रेट प्रेमी झूमते नजर आए। इसके अलावा, राजधानी भोपाल, रतलाम, उज्जैन समेत अन्य शहरों में भी जश्न का माहौल नजर आया और लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। इंदौर के राजवाड़ा में भारत-पाक मैच के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। शहर के अलग-अलग इलाकों से लोग गाड़ियों पर सवार होकर जीत का जश्न मनाने के लिए निकले। गाड़ियों पर सवार युवाओं, महिला-पुरुषों की टोलियां भारत की जीत का जश्न मनाते हुए निकले। अलग-अलग रास्तों से होते हुए लोग इंदौर के हृदय स्थल राजवाड़ा पहुंचे। जहां पर इंदौरियों ने जीत का जमकर जश्न मनाया। यहां पर बड़ी स्क्रीन पर मैच देखने की व्यवस्था की गई थी। दोपहर से ही क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा राजवाड़ा पर लगने लगा था। रात होते-होते मैच का रोमांच बढ़ता चला गया और राजवाड़ा पर क्रिकेट प्रेमियों की संख्या भी बढ़ती चली गई। हर एक गेंद के साथ क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर था। राजवाड़ा पर जीत के जश्न के चलते पुलिस बल भी मुस्तैद हो गया था।






# नारी सुरक्षा सम्मान के लिए किया जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्री**वास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/विद्यालय/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।



इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम नौवस्ता में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर/कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं/बच्चियों/महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- (1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि* के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि* के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

## पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज द्वारा जनपद कौशाम्बी में यातायात/सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। महाकुम्भ** 2025 के अवसर पर रविवार को आईजी रेंज प्रयागराज प्रेम गौतम द्वारा जनपद कौशाम्बी में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु यातायात/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, जिसमें महोदय द्वारा थाना कोखराज अंतर्गत सकाढा तिराहे पर बनाए गए यातायात डायवर्जन प्वाइंट एवं पुलिस सहायता केंद्र पर जाकर यातायात व्यवस्था को देखा गया। महोदय द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था की सुगमता को ड्रोन कैमरे के माध्यम से हो रही निगरानी को भी परखा गया। इस दौरान महोदय द्वारा श्रद्धालुओं से वार्ता कर कुशल क्षेम भी पूछा गया।

पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी, एएसपी राजेश कुमार सिंह द्वारा अधिकारियों के साथ डायवर्जन प्वाइंट पर स्वयं उपस्थित रहकर सुगम आवागमन की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में यातायात सुव्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

## असोथर और बिदंकी पुलिस ने चार वारंटी पकड़े







**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की** गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को थाना असोथर पुलिस द्वारा दो वारंटी अभियुक्तगण बुद्धराज उर्फ दिलबर पुत्र शिवलाल चमार निवासी ग्राम पटैतापुर मजरे सेमरी थाना असोथर जनपद फतेहपुर. पुरुषोत्तम पुत्र देशराज सिंगरौर निवासी ग्राम पटैतापुर मजरे सेमरी थाना असोथर जनपद फतेहपुर थाना असोथर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

इसी प्रकार थाना बिंदकी पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त बड़के पुत्र जागेवर प्रसाद निवासी मो० मीरखपुर कस्बा व थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर व वारंटी हनीफ खाँ पुत्र खलील खाँ नि0 कोरवा थाना बिंदकी जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। वारं**टी की तलाश में कौशांबी थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिखा पड़ी किया।

थाना कौशाम्बी पुलिस उ०नि० हफीज खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त संगमलाल पुत्र बुधनी पासी निवासी ग्राम बनी खास थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जनपद में** चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 80 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 14 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना करारी से 04, थाना कौशाम्बी से 06, थाना सराय अकिल से 02, थाना चरवा से 01, थाना कड़ाधाम से 01) कुल 14 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## दिव्य-भव्य महाकुम्भ में आकर्षण का केंद्र रहा डिजिटल एक्सपीरियेंस सेंटर

### महाकुम्भ में ३.५ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया डिजिटल अनुभूति केंद्र का आनंद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। आ**स्था और आध्यात्म के महापर्व, महाकुम्भ को सीएम योगी के मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस वर्ष दिव्य-भव्य के साथ डिजिटल महाकुम्भ के तौर पर भी विकसित किया गया। इस क्रम में मेला क्षेत्र के सेक्टर-४ में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र, डिजिटल महाकुम्भ का साकार रूप बना। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को एआई, वर्चुअल रिएलिटी और होलोग्राम की आधुनिकतम तकनीकि से सनातन आस्था की प्राचीनतम पौराणिक गाथाओं और मान्यताओं से परिचित करवाया। डिजिटल अनुभूति केंद्र ने विशेष रूप से युवा और विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। महाकुम्भ के दौरान महामहिम राष्ट्रपति, भूटान नरेश समेत अब तक लगभग ३.५ लाख से अधिक श्रद्धालु डिजिटल अनुभूति केंद्र के साक्षी बने।

तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में अब तक ६० करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं जो कि सनातन संस्कृति के प्रति आस्था के सतत प्रवाह का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऐसे में सीएम योगी की प्रेरणा से मेला क्षेत्र के सेक्टर-४ में बना डिजिटल अनुभूति केंद्र आस्था और आधुनिकता के अद्भुत संगम के तौर पर उभरा। डिजिटल अनुभूति केंद्र महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र साबित हुआ। महाकुम्भ के दौरान डिजिटल अनुभूति केंद्र में अब तक ३.५ लाख से अधिक लोगों ने महाकुम्भ और सनातन संस्कृत के महात्म का आधुनिक तकनीकि के जरिये दिव्य भव्य नजारा देखा।

## मिशन शक्ति टीम/एण्टीरोमियो टीम द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## हत्या के प्रयास कि वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वाती मिश्रा**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस निरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त बादाम सिंह पुत्र स्व० शिवराम सिंह निवासी फरीदपुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी हालपता ग्राम अमवां नेवादा थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को रसूलपुर ब्यूर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरूआत,प्रधान महादेव विग्रहों का रुद्राभिषेक

**वाराणसी/ब्यूरो।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में गुरूवार से महापर्व महाशिवरात्रि महोत्सव की शुरूआत पूजन- अर्चन और रूद्राभिषेक से हुई। धाम में स्थित प्रधान महादेव विग्रहों का मंदिर न्यास के अधिकारियों ने पूजा-पाठ और रुद्राभिषेक कर महोत्सव की विधिवत शुरूआत की।

## महाकुम्भ की महिमा को शब्दों में बयां कर पाना हो रहा मुश्किल

### उत्तराखंड के राज्यपाल, ओडिशा के मुख्यमंत्री, भाजपा नेता संबित पात्रा और सूफी सिंगर कैलाश खेर ने किया संगम स्नान

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकु**म्भ २०२५ में श्रद्धा और भक्ति का महासंगम देखने को मिल रहा है। करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। देश के बड़े नेता, संत-महात्मा और गणमान्य व्यक्ति भी इस महापर्व में शामिल हो रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, भाजपा नेता संबित पात्रा और सूफी सिंगर कैलाश खेर ने पुण्य डुबकी लगाई। करोड़ों श्रद्धालुओं के संगम स्नान आने के साथ ही यहां चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए विशेष पूजा का भी आयोजन किया गया। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने कुम्भ के आयोजनों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'मैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सभी अधिकारियों को बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए बधाई देता हूं... यह क्षण शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, इसे केवल महसूस किया जा सकता है।'ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा, 'मैं अपने परिवार के साथ यहां आया हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। मैं उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूं। लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आ रहे हैं।'

भाजपा नेता संबित पात्रा ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और कहा, 'यह पुण्य का क्षण है। मैं आज पुरी से प्रयागराज पहुंचा हूं।

## पीएम के संबोधन को सुनकर कार्यकताओं में एक नई ऊर्जा का होता है संचार: जिलाध्यक्ष



**ब्यूरो चीफ**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य ने बूथ संख्या 117 बदलेपुर ननसेनी में पार्टी कार्य**कताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम 119 वाँ एपिसोड सुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की जेवलिन थ्रोअर सचिन यादव और हैमर थ्रो खिलाड़ी युवा चैंपियन अनुष्का यादव की उपलब्धियां का उल्लेख करना हम सभी प्रदेशवासियों के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है सचिन यादव ने अपने अथक परिश्रम अनुशासन और खेल कौशल से राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित कर भारत की खेल संस्कृति को और अधिक सशक्त किया है वहीं मात्र 16 वर्ष की आयु में अनुष्का यादव ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परिचय देते हुए हैमर थ्रो स्पर्धा में जो सफलता प्राप्त की है वह समस्त प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणादायक है।

## महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व पर पवित्र स्नान के लिए जुटने लगे विदेशी श्रद्धालु



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ के आखिरी के स्नान पर्व महा शिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्ना**न करने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं के कई समूह महाकुम्भ नगर पहुंच गए हैं। ब्राजील से आया भगवान शिव के भक्तों का एक ग्रुप भी महा शिवरात्रि के स्नान पर्व की बाट जोह रहा है।जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महा कुम्भ की शुरूआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में संगम में मुक्ति की डुबकी लगाने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं का जमावड़ा फिर महाकुम्भ में होने लगा है। ब्राजील से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने के लिए दो दर्जन से अधिक ब्राजीली युवाओं का एक ग्रुप पहुंच चुका है। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है ये सभी युवा लॉर्ड शिवा की भक्ति धारा से जुड़े हुए हैं । इसमें ज्यादातर रियो दि जनेरियो और साओ पाउलो शहर से हैं जहां शिव मंदिर भी हैं। लॉर्ड शिवा से प्रेरित होने की वजह से इन्होंने महा शिवरात्रि पर्व को चुना है जहां १२ वर्षों के बाद महाकुम्भ का विशेष अवसर आया है। ब्राजील के यूथ में धार्मिक पर्यटन का खासा क्रेज माना जाता है। भारत और एप्रष्ठो-ब्राजील परंपराओं के बीच कुछ समानताएं इन्हें महाकुम्भ खींच लाई है। ब्राजीली ग्रुप के सदस्य पाओ फेलिपे का कहना है कि ग्रुप में अधिकतर युवा लार्ड शिवा के फॉलोवर हैं।

## साइबर सेल टीम बाराबंकी द्वारा महाविद्यालय बाराबंकी में साइबर अपराध व बचाव हेतु किया जागरुक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। रविवार को सा**इबर सेल टीम बाराबंकी द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्यापकों व छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध व साइबर अपराध से बचाव हेतु निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

1. बैंक द्वारा कभी भी के.वाई.सी. अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से व्यक्तिगत जानकारी/ओटीपी/सीवीसी/पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा किसी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें।
3. किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांच कर लें, ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें।
4. अज्ञात व्यक्ति/मोबाइल नम्बर द्वारा भेजे गए लिंक को क्लिक न करें।
5. किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी/पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है।
6. अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो, साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।

साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर कॉल करें अथवा साइबर अपराध पोर्टल की वेबसाइट ँ३३स्त्र२:// cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज करें जिससे धनराशि खाते में होल्ड करायी जा सके।

## आगामी त्यौहारों को लेकर पिपरी थाने में पीस कमेटी की बैठक आयोजित




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। क्षेत्राधिकारी चायल के नेतृत्व में पिपरी थाने में पीस कमेटी की बैठक रविवार को आयो**जित किया गया जहां क्षेत्र गणमान्य लोग ग्राम प्रधान धर्म गुरुओ के साथ-साथ तमाम लोग शामिल हुए क्षेत्राधिकारी ने लोगों से त्योहार के संबंध में विस्तार से चर्चा की आगामी त्यौहार शिवरात्रि महापर्व होली आदि को कुशल संपन्न करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पिपरी थाना में धर्मगुरुओं ग्राम प्रधान आम जनमानस सभ्रांत लोगों के साथ पुलिस ने बैठक कर स्पष्ट शब्दों में कहा है कि त्योहार पर खुशियां जरूर मनाएं लेकिन किसी प्रकार की अराजकता त्यौहार में ना फैलाएं उन्होंने कहा कि सभी लोग धर्म के मुताबिक शांति प्रिय तरीके से अमन चैन से त्योहार को मनाए उन्होंने कहा कि त्योहार पर किसी प्रकार से खलल डालने वाले को बक्सा नहीं जाएगा और उवद्र्व करने वालो पर कठोर कार्रवाई की जाएगी इस दौरान पीस कमेटी के बैठक में उपस्थित लोगों से उन्होंने गांव क्षेत्र की स्थितियों की जानकारी ली और लोगों को भरोसा दिलाया कि त्योहारों पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी इस मौके पर थाना अध्यक्ष पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सिपाही सहित सभी धर्म समुदाय के लोग मौजूद रहें।

## महाकुम्भ: संगम में जल की पर्याप्त उपलब्धता, गंगा बैराज कानपुर से नियमित छोड़ा जा रहा है 13 हजार क्यूसेक जल

**महाकुम्भ नगर/ब्यूरो।** प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था और पुण्य की डुबकी लगाने वालों की संख्या 57 करोड़ को पार कर चुकी है। त्रिवेणी के जिस पावन जल में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए देश विदेश के विभिन्न हिस्सों से करोड़ों श्रद्धालु और पर्यटक आ रहे हैं उनके लिए संगम में पर्याप्त निर्मल जल उपलब्ध हो इसके लिए निरन्तर योगी सरकार प्रयास कर रही है। सिंचाई विभाग पिछले दो महीने से उसकी नियमित और निरंतर मॉनिटरिंग कर रहा है। धीरे-धीरे अपने समापन की तरफ बढ़ रहा प्रयागराज महाकुम्भ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म की भव्यता के उच्चतम बिंदु का साक्षी बन रहा है।

# विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके है महाकुम्भ में डुबकी: मुख्यमंत्री

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट की। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दशार्ता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज सतुआ बाबा से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर



विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुम्भ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और ६० करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुम्भ में स्नान करने को भी सराहा।

सीएम योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब तक ६२ करोड़ श्रद्धालु संगम की त्रिवेणी में स्नान कर चुके हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में कोई ऐसा मत, मजहब या संप्रदाय नहीं, जहां निश्चित समय पर इतनी बड़ी संख्या में लोग अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए एकत्र होते हों।

## कलाग्राम में चला कैलाश खेर के सुरों का जादू, दर्शक बोले वन्स मोर





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। कलाग्राम रविवार को हजारों दर्शकों की मौजूदगी में मशहूर गायक पद्मश्री कैलाश** खेर सुरों का जादू गूंजता रहा। ऐसा लगा मानो संगीत की ऊंचाइयों ने साक्षात कैलाश को छू लिया हो। मौका था, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महाकुंभ के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कुंभ का। कैलाशा बैंड की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस दौरान प्रशंसक कैलाश खेर के हर गीत पर तालियां बजती रहीं। खचाखच भरे दर्शकदीर्घा के बीच मंच पर आते ही सबसे पहले मां गंगे को प्रणाम करते हुए अपने कार्यक्रम की शुरूआत कैलाश खेर ने शिव तांडव जटाटवीगलज्जलप्रवाहपावितस्थले गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजङ्गतुङ्गमालिकाम् से की। इसके बाद... हे री सखी मंगल गावो री, आज मेरे पिया घर आवेंगे गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद शिव तांडव स्त्रोत जटा कटा हसंभ्रम भ्रमन्नि लिंप निर्झरी... से शुरू होकर मशहूर गीत ' कौन है वो कहां से आया..., जाणा जोगी दे नाल..., आओ जी आवो जी से दर्शकों में ऊर्जा भर दी। इसके बाद प्रसिद्ध गीत तेरे नाम से जी लूं तेरे नाम से मर जाऊं... सुनाकर दर्शक दीर्घा के शोर और तालियों की गूंज को बढ़ा दिया। शिव शम्भो शिव शम्भो, शम्भो करतो सब संभव, कण कण शंभु शंभु है शंभु शंभु है. महाकुंभ है....गाते ही दर्शक नाचने लगे। मंच के करीब मौजूद दर्शक तो नाचते हुए अपने मोबाइल में सेल्फी लेकर कैलाश को कैद करते रहे। हीरे मोती मैं ना चाहूं मैं तो चाहूं संगम तेरा... इस गीत में उन्होंने जितनी बार आलाप लिया, उतनी बार दर्शकों का शोर और उत्साह तेज होता रहाऔर जागो री जागो जागो जागो धरती सारी...से समा बांध दिया।

डमरू लेकर गाया बगड़ बम बम-

कैलाश खेर ने जब हाथों में डमरू लेकर अपना मशहूर गीत बगड़ बम बम...तथा हाथ जोड़ के बोली गवर्जा तीनों लोक बसाये बसती में बगड़ बम बबम बम बबम बम बम लहरी सुनाया तो दर्शक झूम उठे। ऐसा लगा मानो शिवरात्रि से तीन दिन पहले ही लोग भगवान शिव की भक्ति में झूम रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने. मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया, दिलरुबा ये बता क्या करूं तेरे सिवा.. सुनाकर श्रद्धालुओं को खूब रोमांचित किया। कार्यक्रम की शुरूआत भटींडा से आई दीपिका श्रीवास्तव ने भजन गायन से की उन्होंने हमरी अटरिया पे आजा रे सावरिया देखा..., लोग से न कहिए ये बात बस की जग सुनिहे तो जुल्म हो जाय रे जैसे भजन श्रोताओं को सुनाकर खूब तालियां बटोरी। अगली प्रस्तुति सुनयना और शिवानी द्वारा रामकथा पर आधारित कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

**लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने मोहा मन**

लोकनृत्यों की कड़ी में विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें हरियाणा के लोकनृत्य, उत्तराखंड का गढ़वाल नृत्य, कर्नाटक का ढोलू कुनिथा नृत्य, तेलंगाना का चिन्धु यक्षगान और असम का मुखा भाऊना नृत्य शामिल रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन में 37 दोपहिया व नो पार्किंग जोन में खड़े 5 दोपहिया वाहन लावारिश में दाखिल किये गये



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। यातायात निय**मों के उल्लंघन में कुल 37 दोपहिया वाहन थाना सिविल लाइंस पुलिस द्वारा धारा 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किए गए व अनधिकृत रूप से नो पार्किंग जोन में खड़े पांच दोपहिया वाहन लावारिश में दाखिल किए गए।

स्नानार्थियों से अधिक किराया वसूल कर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध प्रकार से सवारी ढोने वाले बाइकर्स गैंग के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए कुल 37 दोपहिया वाहनों को सीज किया गया व अनधिकृत रूप से नो पार्किंग जोन में खड़े पांच दोपहिया वाहनों को लावारिश में दाखिल किया गया । सीज व लावारिश में दाखिल वाहनों में UP70BH6361, UP70GF1044, UP72BW7147, UP86AN9801, DL13SF5172, UP71AE9144, UP70FR2493, UP70FL7044, UP78HC8374, UP70EF2353, UP70DP6963, UP70GK4082, UP70GM2278, UP42BM4396, UP70GZ0682, UP70EC6866, UP73AH1854, UP70BJ1597, UP70HC6539, UP70GN1413, UP73W7182, UP70HB5934, UP70ES8588, UP70AV7523, UP70DA8164, UP66AH8966, UP70AW8725, UP73X2878, UP70AE0890, UP70BA8898, UP70FP0389, UP70EJ3303, UP70FU6864, UP70GK5333, UP70HF7564, UP70CN9649, UP70BA3474, UP70CM7558, UP73H5277, UP70BD8832, UP70FP5465, UP70CB8992 रजिस्ट्रेशन नंबर के वाहन शामिल हैं।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम का विवरण-***

चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह उ0नि0 रमेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार सरोज, उ0नि0 कृष्ण मुरारी चौरसिया, चौकी प्रभारी हनुमान मंदिर रविन्द्र शर्मा, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## स्वच्छता के जननायक थे संत गाडगे, उनकी प्रेरणा हमारा मार्गदर्शन करती है: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** राष्ट्रसंत परम पूज्य गाडगे जी महाराज की १४९वीं जयंती पर रविवार को महाकुम्भ नगर के सेक्टर १ स्थित गंगा पंडाल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत गाडगे जी को नमन करते हुए कहा कि वे सामाजिक न्याय के अग्रदूत थे, जिन्होंने जातिवाद, अंधविश्वास और अस्वच्छता के खिलाफ व्यापक जनजागरण कर समाज को नई दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाडगे जी महाराज का जीवन समाज में जागरूकता और सुधार लाने का प्रेरणास्त्रोत रहा है। वे जहां भी जाते, कीर्तन के माध्यम से शिक्षा और स्वच्छता का संदेश देते और अपने साथ झाड़ू रखकर स्वच्छता के प्रति जनमानस को प्रेरित करते। उन्होंने कहा कि गाडगे जी कहते थे कि ईश्वर का वास वहीं है, जहां स्वच्छता है

। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने २ अक्टूबर २०१४ को स्वच्छता अभियान की शुरूआत की, जो आज वैश्विक आंदोलन बन चुका है।सीएम योगी ने कहा कि संत



गाडगे जी ने एक सदी पहले स्वच्छता का जो संदेश दिया था, वही आज प्रेरणा बनकर करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों घरों में शौचालय बनाए गए, जिससे नारी गरिमा की रक्षा हुई और बीमारियों से बचाव संभव हुआ।

उन्होंने प्रयागराज की जनता की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाकुम्भ के आयोजन में शहर ने स्वच्छता और सुव्यवस्था की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में जाम की स्थिति नहीं है और यहां की जनता ने महाकुंभ को अपना आयोजन मानकर अतिथि सेवा का जो भाव दिखाया है, वह सराहनीय है

बाकस

**अगले वर्ष १५०वीं जयंती होगी और भव्य**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगले वर्ष संत गाडगे जी महाराज की १५०वीं जयंती को और भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है और स्वच्छता के इस संदेश को और अधिक विस्तार देने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी की इस बात के लिए विशेष सराहना की कि उन्होंने संत गाडगे जी की १४९वीं जयंती के अवसर पर इतना विशाल आयोजन आयोजित कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत गाडगे जी महाराज की जयंती पर आयोजित यह समारोह न केवल स्वच्छता के महत्व को दोहराने का अवसर बना है, बल्कि सामाजिक सुधारों के प्रति जनचेतना को भी प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ है।

इस अवसर पर जगद्गुरु सतुआ बाबा आश्रम के संत संतोषाचार्य जी महाराज, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, ज्वाला माता मंदिर के संत अशोक महाराज, विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी, दीपक पटेल, गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, विधान परिषद् सदस्य सुरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी, भाजपा के कई पदाधिकारी और संत गाडगे जी महाराज के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## यातायात व्यवस्था की देखी हकीकत, दिए निर्देश



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। पुलिस** उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा महाकुम्भ के निर्विघ्न आयोजन के दौरान आगामी स्नान के दृष्टिगत सकुशल सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु प्रयागराज- वाराणसी, प्रयागराज-जौनपुर, प्रयागराज-लखनऊ आदि मार्गों पर भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्रोन कैमरे की सहायता से निगरानी की गई तथा थाना फाफामऊ क्षेत्रान्तर्गत स्थित बेला कछार पार्किंग एरिया एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## किन्नर अखाड़ा में फर्जी यूट्यूबर पकड़ा गया, पुलिस को सौंपा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ** नगर के सेक्टर -16 संगम लोवर मार्ग पर लगे शिविर में बीती रात एक यूट्यूब पकड़ा गया जो किन्नर संतों से सनातन धर्म के दुष्प्रचार के लिए बाइट लें रहा था। किन्नर अखाड़ा के संतों ने फर्जी यूट्यूबर छत्तीसगढ़ निवासी सुनील सुधाकर पांडेय पुत्र सुंदर लाल शर्मा निवासी धवरा, रघुनाथगंज, तहसील मनगवां, रीवा, मध्यप्रदेश को थाना अन्नक्षेत्र पुलिस को सौंपा दिया। पुलिस ने फर्जी यूट्यूबर के पास से तीन मोबाइल और 50 से अधिक संदिग्ध वीडियो जो सनातन धर्म के खिलाफ था, बरामद किया है।



किन्नर अखाड़ा के लोगों का कहना है कि फर्जी यूट्यूबर अपने कई साथियों के साथ अखाड़े में घुसकर संतों का गलत प्रश्न पूछकर इंटरव्यू लें रहा था।

## नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों का चालान, बाइकर्स गैंग पर भी शिकंजा





**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ के निर्विघ्न आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व जनपद** प्रयागराज की सुचारू यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती के कुशल पर्यवेक्षण में नगर क्षेत्र के थानों द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन के प्रमुख मार्गों, चौराहों पर 'नो पार्किंग जोन' में खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही करते हुए वाहनों को समुचित स्थान पर भेजवाया गया। श्रद्धालुओं से अधिक किराया वसूल कर अवैध प्रकार से सवारी ढोने वाले बाइकर्स गैंग के विरुद्ध प्रभावी तरीके से नियमानुसार चालान कर वाहन सीज की कार्यवाही की गई।

## रोडवेज कर्मचारियों के लिए तीन महीने में बने तबादला नीति, हाईकोर्ट के निर्देश

**जयपुर। हाईकोर्ट ने** रोडवेज को तीन महीने में अपने कर्मचारियों के लिए तबादला नीति बनाने को कहा है। तबादला नीति में कर्मचारियों की सामाजिक,आर्थिक स्थिति,पोस्टिंग का रिकार्ड,एक पोस्ट पर रहने की अवधि और प्रशासनिक आवश्यकता के पहलुओं का ध्यान रखा जाए और नीति के अनुसार की तबादले किए जाएं। अदालत ने तबादला नीति बनने तक याचिकाकर्ता कर्मचारियों के अभ्यावेदन तय करने तथा तब तक उनके तबादला आदेश स्थगित रखने के निर्देश दिए है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सूर्यभान सिंह शेखावत व 14 अन्य याचिकाओं पर दिए। अदालत को बताया गया कि रोडवेज प्रबंधन ने 15 जनवरी को करीब 240 अल्प वेतन भोगी चालक-परिचालकों का करीब 600 किलोमीटर दूर तक तबादला कर दिया। कुछ कर्मचारियों के तबादला आदेश निरस्त भी कर दिए। जबकि कई कर्मचारी कुछ महीने बाद ही रिटायर होने वाले है। रिटायरमेंट के नजदीक कर्मचारी का तबादला करना राज्य सरकार की नीति के विपरीत है। रोडवेज में कोई तबादला नीति नहीं है। इस कारण मनमर्जी से तबादले होते है।

रोडवेज ने ऐसी महिला कर्मचारियों के भी तबादले कर दिए जिनके बच्चों के बोर्ड और प्री-बोर्ड की परीक्षाएं होने वाली है।

## ब्रज मंडल के संतों से लिया आशीर्वाद मां सीता रसोई में हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भण्डारे का प्रसाद



## महाशिवरात्रि तक चलता रहेगा भण्डारा: मनप्रीत कौर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर।** सीता रसोई का संचालन करने वाली संकटमोचन सेना महिला प्रकोष्ठ पंजाब के लुधियाना की अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी मनप्रीत कौर ने आज महाकुंभ क्षेत्र में ब्रज मण्डल की महान विभूतियों से मिलकर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इनमें सर्वश्री रमाकांत गोस्वामी , प्रवीण गोस्वामी दाऊजी मंदिर के रिसीवर पांडे और पंकज महाराज थे। समाजसेवी मनप्रीत कौर ने सभी संतों का माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। महाकुंभ नगर के सेक्टर - 19 में स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर के गेट पर भण्डारा चलाया । समाजसेवी मनप्रीत कौर ने कहा कि महाकुंभ में आये हुए सभी लोग स्वस्थ्य, प्रसन्नचित्त रहें और गंगा, संगम स्नान कर सकुशल अपने घरों को वापस लौटे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और मजदूरों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी मनप्रीत कौर ने बताया कि उनकी संस्था की ओर से महाकुंभ नगर के दो दर्जन प्रमुख चौराहों पर स्नानार्थियों और मजदूरों में चाय, नाश्ता, खाना और पानी की बोतल का वितरण दिन,रात हो रहा है। महाशिवरात्रि तक मेला क्षेत्र और प्रमुख चौराहों पर चाय, नाश्ता ,खाना और पानी की बोतल का वितरण जार रहेगा। उन्होंने बताया कि नासिक, उज्जैन और हरिद्वार कुंभ में भी संत, महात्मा और स्नानार्थियों के लिए दिन, रात भण्डारा चलता रहेगा जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। समाजसेवी मनप्रीत कौर रविवार की शाम को सेक्टर -16 स्थित संगम लोवर पूर्वी पटरी पर लगे किन्नर अखाड़ा के शिविर पहुंची और किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी डा लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महराज ने समाज सेवी मनप्रीत कौर द्वारा महाकुंभ क्षेत्र में संतों, श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों की भण्डारे से चल रही सेवा की सराहना किया।

## वेस्टसाइड ने फरीदाबाद में खोला अपना 240वां स्टोर

**फरीदाबाद। मशहूर व्यापारिक घराने, टाटा के अंग वेस्टसाइड ने फैशन के शौकीनों को प्रे**रित करने के उद्देश्य से हरियाणा के फरीदाबाद में अपना ताजातरीन स्टोर खोला है। वेस्टसाइड का यह स्टोर पैसिफिक मॉल, सेक्टर 20 बी, दिल्ली राजधानी क्षेत्र, फरीदाबाद- 121001 में स्थित है और 20,400 वर्ग फुट के दायरे में फैला हुआ है।

## सराय ममरेज पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। सराय ममरेज** थाने की पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। सराय ममरेज थाने के दरोगा संजय कुमार मौर्य ने शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर नहर की पुलिया के पास से एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया पूंछ ताँछ के दौरान उसने अपना नाम नीरज यादव उम्र 19 वर्ष पुत्र कुशलेश कुमार निवासी चम्पापुर थाना सराय ममरेज बताया तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूंछ ताँछ के दौरान उसने बताया कि उक्त तमंचे के बल पर वह राहगीरों से लूट पाट करके अपना जीवन यापन करता था इसके पूर्व सोशल मीडिया पर भी उसने अवैध तमंचे के साथ एक अपनी फोटो भी पोस्ट किया था पुलिस उक्त युवक की तलाश भी कर रही थी। उक्त युवक को थाने लाने के बाद उसके खिलाफ लिखापढ़ी करके जेल भेज दिया गया।

## फूलपुर में अजीमुश्शान मुशायरा कबि सम्मेलन 25 फरवरी को

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। एक शाम ह**ाजी मोहम्मद युसुफ के नाम दिनांक 25 फरवरी 2025 मंगलवार शाम छः बजे से फूलपुर कस्बे के राफे नर्सिंग होम के बगल फरीदाबाद फूलपर में एक अजीमुश्शान मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें हिन्दुस्तान के नामवर शोराये केराम एवं कवि तशरीफ ला रहे हैं। मखदूम फूलपुरी शिव शरण बन्धू फतेहपुर,नजर इलाहाबादी शकील एवं चांद फूलपुरी,आजम इलाहाबादी,चमन एवं सगीर फूलपुरी, लक्ष्मी नारायण वर्मा, नरेश ,मनोज त्रिपाठी इफ्को, सलाउद्दीन एवं अन्य स्थानीय शायर व कवि अपने कलाम एवं काब्यो से महफि ल में चार चांद लगायेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलहाज डॉक्टर जियाउद्दीन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव, गोपाल कृष्ण द्विवेदी, अब्दुल अहद, लक्ष्मी कांत मिश्र नसीरुद्दीन राईन सै0 सुहैल ठाकुर ,अरसद उल्ला, सभासद डॉ0 मोहम्मद आरिफ होंगे। अध्यक्षता सै0 इलियास अहमद करेंगे। मुशायरे के संयोजक शारिक फूलपुरी एवं चांद फूलपुरी द्वारा सूचना प्राप्त हुई।

## शत्रु संपत्ति मामले में आजम खान के परिवार को बड़ी राहत; पत्नी, बेटे और बहन को मिली जमानत

**रामपुर (उत्तर प्रदेश)।** शत्रु संपत्ति हड़पने के मामले में आरोपी बनाए गए समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को बुधवार को अदालत से बड़ी राहत मिली। आजमखान के छोटे बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की जमानत अर्जी मंगलवार को मंजूर की गई थी, जबकि बुधवार को इसी मामले में उनके बड़े बेटे अदीब, पत्नी तजीन फातिमा और बहन निगहत अखलाक की अंतरिम जमानत अर्जी भी न्यायालय द्वारा मंजूर कर ली गई। इसके साथ ही तीनों ने नियमित जमानत के लिए भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है, जिस पर 24 फरवरी को सुनवाई होगी। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान तीनों कोर्ट में मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

## फडणवीस-शिंदे के बीच बढ़ती दरार से महायुति की स्थिरता पर सवाल

किसी को यह समझने में मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनके द्वारा विस्थापित पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच दरार बढ़ती जा रही है। फडणवीस अभी महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री भी हैं और वह मुख्यमंत्रियों के खिलाफ जाने के लिए हमेशा तैयार ही रहते हैं जैसा कि उन्होंने उद्धव बालासाहेब ठाकरे जैसे नेता के मुख्यमंत्रित्व काल में किया था। क्या यह एक बेतुकी बात होगी, जो मूल मुद्दे से भटकती है, कि मुंबई शहर में सब कुछ ठीक नहीं है, जहां जल्द ही निकाय चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपनी कमर कस लेनी चाहिए। मीडिया ऐसा दिखा रहा है जैसे शिंदे खलनायक हैं और फडणवीस एक चमकता हुआ योद्धा। शिंदे को 'हमारे बीच 'ठंडा ठंडा, कूल कूल' रिश्ता है' जैसे बेतुके बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जैसे कि यह कोला का विज्ञापन हो! सच तो यह है कि शिंदे द्वारा किसी भी दरार से इनकार करना उन 'अफवाहों' के खिलाफ है कि महायुति आंतरिक कलह की चपेट में है और सत्ता परिवर्तन की जरूरत है। फिर किसी तुलना से बचने के लिए, शिंदे ने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते, तो आज शिवसेना एक इकाई होती। पुरानी यादें उपमुख्यमंत्री को मार रही हैं और मुख्यमंत्री में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे अपने डिप्टी को पीछे हटने के लिए कह सकें। ऐसा कुछ तो उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के समय करना चाहिए था। मौजूदा दरार के लिए किसे दोषी ठहराया जाना चाहिए? भाजपा के शीर्ष पर तंबू फैलाये ऑक्टोपस को? वह व्यक्ति जिसका नाम नहीं लिया जा सकता या जिसे बेबाक मजाक का निशाना नहीं बनाया जा सकता? वह व्यक्ति जिसे महाराष्ट्र की जीत की तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय लेने के लिए चुना गया था? महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को शिंदे सेना की जरूरत नहीं थी और पहले तो उपमुख्यमंत्री की जरूरत ही नहीं थी, दो की तो बात ही छोड़िए! मुख्यमंत्री फडणवीस समेत हर कोई जानता है कि भाजपा में कौन फैसला लेता है, किसे फैसला लेने की इजाजत है। यह भी हर कोई जानता है कि एक व्यक्ति वाली भाजपा नेतृत्व में तानाशाही की प्रवृत्ति है। सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, जो आधुनिक समय की समकालीन राजनीति में बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ है। उदाहरण के लिए, यह भ्रामक बयान कि भाजपा विधायकों ने बैठक की और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया! दिल्ली के मुख्यमंत्री को पदभार ग्रहण करते ही जो एक बड़ा फैसला लेना चाहिए था, वह पहले ही छीन लिया गया था, यानी 'यमुना की सफाई' मिशन, जिसे दिल्ली के उपराज्यपाल ने 'रेखा गुप्ता' के लॉन्च से ठीक पहले लॉन्च किया था- मुख्यमंत्री गुप्ता अब झाग उड़ते हुए देख सकती हैं! यमुना नदी तट पर विकास कार्य में यमुना को साबरमती नदी तट के बराबर खड़ा करने की क्षमता है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को झूले पर घुमाया था, जिसे शी आज भी अच्छी तरह याद रखेंगे। यह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच दरार से ध्यान हटाने के लिए नहीं है, जो कि कोई बड़ी घटना नहीं थी, अगर फडणवीस आलाकमान के दबाव में आकर शिंदे सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के साथ सत्ता साझा करने के लिए सहमत नहीं होते। फिर शिंदे भाजपा के पिछलग्गू की तरह व्यवहार भी नहीं कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अपनी खुद की यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं। शिंदे सेना के सांसदों, शिंदे सेना के विधायकों और शिंदे सेना पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिंदे अपनी सेना की रणनीति तैयार कर रहे हैं। शिंदे ने भाजपा नेतृत्व की किताब से सीख लेते हुए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित की है, जिसका उदाहरण मंत्रालय में एक चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ है, जो शिंदे की पहल है, जो आम तौर पर 'लोगों की मदद करने' के लिए है। इस पर कौन आपत्ति करेगा? 'उपमुख्यमंत्री का चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ पहले भी स्थापित किया गया था।

यह मुख्यमंत्री के चिकित्सा राहत कोष प्रकोष्ठ के साथ समन्वय करेगा और गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद करेगा। इसलिए काम का दोहराव नहीं है। केवल एक सीएम वार-रूम है। अब भी प्रमुख परियोजनाओं को वार रूम से आगे बढ़ाया जायेगा।' क्या यही है, फडणवीस और शिंदे के बीच तथाकथित दरार? इसमें छिपे हुए तत्व होने चाहिए। शायद शिंदे नहीं चाहते कि उनके समर्थक उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना में वापस चले जायें या, क्या इसका संबंध आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों से है।

## इन मसालों में लजीज भोजन का छिपा है राज, स्वास्थ्य के लिए भी असरदार

**नई दिल्ली।** भारत को 'मसालों का देश' कहते हैं। हमारी रसोई की आन,बान और शान हैं ये मसाले। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम भारत तक इनकी महक फैली हुई है। अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संघ (आईएसओ) की सूची में शामिल 109 में से करीब 75 भारत में ही पैदा किए जाते हैं। हमारे बाद तुर्किए फिर बांग्लादेश का नंबर आता है। मसाले न केवल स्वाद और खुशबू बढ़ाते हैं, बल्कि ये सेहत के लिए भी नेमत हैं। कुछ गरम मसाले ऐसे हैं जिन्हें हम भारतीय सुपर मसाले कहते हैं।

यहां हम आपको पांच ऐसे सुपर मसालों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य को बेहतर रखने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही, इन नायाब मसालों से भोजन भी लजीज बनता है।

जायफल न केवल एक शानदार स्वाद देता है, बल्कि यह सेहत के लिए भी अच्छा है। जायफल का सेवन नींद की समस्या से राहत दिलाता है और मानसिक शांति प्रदान करता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है और गैस, अपच जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है।

दालचीनी न केवल स्वाद बढ़ाने के लिए प्रयोग होती है, बल्कि इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) को नियंत्रित करने में मदद करती है और दिल की सेहत को भी लाभ पहुंचाती है। इसके सेवन से वजन नियंत्रण में भी मदद मिलती है।

रसोई के दूसरे मसालों पर नजर डालें तो काली मिर्च गुणों की खान है। काली मिर्च को "मसालों का राजा" कहा जाता है। यह मसाला न केवल रसोई का अहम हिस्सा है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहद फायदेमंद है।

काली मिर्च का इस्तेमाल कई तरह के व्यंजनों में मसाले के तौर पर किया जाता है। वहीं, इसका इस्तेमाल आयुर्वेदिक औषधि के तौर पर भी किया जाता है। काली मिर्च पाचन को दुरुस्त रखने में मदद करती है। साथ ही, काली मिर्च में मौजूद विटामिन सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। अगर आपके दांत में दर्द हो रहा है, तो काली मिर्च के इस्तेमाल से राहत मिल सकती है। यह दिल को स्वस्थ रखने में भी मदद करती है। इसका सेवन करने से वजन कम करने के साथ-साथ त्वचा भी स्वस्थ रहती है। काली मिर्च को भुनी हुई सब्जियों, ग्रिल्ड मीट या तले हुए अंडों पर छिड़ककर स्वाद को भी बढ़ाया जा सकता है। साथ ही, सूप, सॉस में काली मिर्च का इस्तेमाल किया जा सकता है।

लौंग की बात करें तो इसे चाय और भोजन से लेकर कई चीजों में इस्तेमाल किया जाता है। लौंग में हाई मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो इसे खास बनाते हैं। नियमित तौर पर लौंग का सेवन करने से यह आपको बैक्टीरिया और वायरस से बचाएगी। यह मसाला मुंह की सेहत के लिए भी फायदेमंद है, क्योंकि यह बैक्टीरिया को खत्म करता है और दांतों के दर्द में राहत पहुंचाता है। इसके अलावा, लौंग से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

जीरा भारतीय व्यंजनों में प्रमुखता से इस्तेमाल होता है। जीरे का स्वाद और खुशबू किसी भी व्यंजन में चार चांद लगा देती है। इसे दाल, करी, सब्जियों और चटनी के साथ इस्तेमाल किया जाता है।

# ट्रम्प के सामने घुटने न टेके भारत

**– जगदीश रत्तनानी**

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें।



दुनिया को फिर से ठीक-ठाक करने के अपने बेतुके प्रोजेक्ट को अंजाम देने में व्यस्त अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की है। इस तरह ट्रम्प के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मिलने वाले कुछ नेताओं में मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इस मुलाकात पर कहा- ' यह स्पष्ट हो गया कि मोदी ट्रम्प को खुश करने वाले नवीनतम नेता थे।'

आत्ममुग्ध, अहंकारी, यहां तक कि आत्मकेंद्रित के रूप में वर्णित एक शक्तिशाली विश्व नेता को खुश करने में सिद्धांत रूप में कुछ भी गलत नहीं है। तो भी खुश करने की यह कोशिश उन स्थितियों और नीतियों के अति उत्साही समर्थन से अलग है जिन्होंने दुनिया भर में कई सवाल एवं चिंताएं खड़ी की हैं। भारत ने ट्रम्प की प्रशंसा एक प्रेरक नेता के रूप में की लेकिन यह सब कहीं न कहीं अलग क्षेत्र में चला गया जब 'विस्किट भारत' (विकसित भारत) का विचार 'मेगा' (एमएजीए 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' का मतलब-'अमेरिका को फिर से महान बनाओ') की राजनीति की भाषा में बदल गया। मोदी ने इसे इस तरह व्यक्त किया- 'अगर मैं अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब है 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' यानी 'मिगा'- एमआईजीए। जब संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत एक साथ काम करते हैं यानी 'मेगा जब 'मिगा' से जुड़कर काम करेगा तो समृद्धि के लिए 'मेगा' साझेदारी बनती है तथा यह मेगा भावना हमारे लक्ष्यों को नया पैमाना एवं दायरा देती है।'

यह अतिशयोक्तिपूर्ण भाषा इस तथ्य के बावजूद आई कि मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रम्प ने बिना किसी हिचकिचाहट के पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की जिसका स्पष्ट रूप से भारत पर असर पड़ेगा। ट्रम्प ने वास्तव में मोदी के साथ अपनी टिप्पणी में टैरिफ को रेखांकित करते हुए भारत को 'दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ वाला देश' कहा और कहा कि 'भारत जो भी शुल्क लेगा, हम उससे वसूलेंगे।' यह विशेष रूप से आश्चर्यजनक नहीं है। यह हमेशा स्पष्ट था कि ट्रम्प अपने नियमों के अनुसार खेलेंगे और जैसा उन्होंने अन्य देशों के साथ किया है, वे भारत को दबाव में डालेंगे। उनके कुछ तरीके उनकी पुस्तक 'आर्ट ऑफ द डील' में बताए गए सरल विचारों पर आधारित हैं- एक अहंकारी रियल एस्टेट डेवलपर की मैनुअल जिसे अन्य क्षेत्रों और स्वयं जीवन में लागू करने के लिए बनाया गया है। 1997 में आई इस पुरानी किताब के अध्याय- 2 को 2005 में एक बड़े बाजार संस्करण में पुनः प्रकाशित किया गया जिसका शीर्षक है 'ट्रम्प काड्सः द एलिमेंट्स ऑफ द डील'। किताब इस प्रकार शुरू होती है- 'सौदा करने का मेरा तरीका काफी सरल व सीधा है। मैं बहुत ऊंचा लक्ष्य रखता हूं और फिर मैं बस जो चाहता हूं उसे पाने के लिए जोर लगाता रहता हूं। कभी-कभी मैं जितना चाहता हूं उससे कम पर समझौता कर लेता हूं लेकिन ज्यादातर मामलों में मुझे फिर भी वही मिलता है जो मैं चाहता हूं।'

अमेरिकी विदेश नीति हमेशा अमेरिकी हितों के बारे में रही है जो अल्पकालिक और एक साधन द्वारा चिह्नित है, जिसमें खुलेपन, लोकतंत्र या शांति के सिद्धांतों के कई खोखले दावे हैं। अब मुखौटा गिर गया है, मूल्यों का ढकोसला खत्म हो गया है और ताकत का नंगा खेल शुरू हो गया है। आगे बढ़ने की उम्मीद करते हुए भारत को इस साझेदारी को ध्यान से नेविगेट करने की आवश्यकता होगी और इसलिए भारत को पूछने व रेडलाइन तथा गैर-परक्राम्य की अपनी सूची के साथ तैयार रहना होगा। संक्षेप में कहें तो ट्रम्प के खेलने के तरीके का उपयोग ट्रम्प के खिलाफ ही करना होगा।

यदि राष्ट्र के पास एक ऐसी विदेश नीति हो जिस पर सभी दल सहमत हों, उसे अपना सकें और राजनीतिक विभाजनों से परे भारतीय आम सहमति के रूप में पेश कर सकें तो मोदी और भारत को इसमें मदद मिलेगी । इसके लिए भाजपा को कांग्रेस एवं अपने पक्ष के अन्य दलों की जरूरत है जो ट्रम्प के सामने मजबूत, स्पष्ट और विशिष्ट मांगों का एक सेट रखें बजाय इसके कि वे दूसरे पक्ष की हर मांग के आगे झुक जाएं।

लेकिन विदेशी मामलों में भी राजनीतिक कटुता आ गई है। नौकरशाह से विदेश मंत्री बने एस. जयशंकर ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से कटाक्ष करके इसमें कुछ इजाफा किया है जो जाहिर तौर पर द्विदलीय समर्थन की कीमत पर भाजपा तथा प्रधानमंत्री के साथ उनकी स्थिति को सुरक्षित करता है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा अमेरिका में अनधिकृत भारतीयों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू करने के तरीके की औपचारिक और सार्वजनिक रूप से निंदा करने के लिए इस तरह की कटुता के बिना भी सर्वदलीय आम सहमति बनाना मुश्किल नहीं होना चाहिए था।

निर्वासन आदेशों के तहत भारतीय नागरिकों को भेजने के लिए सैन्य विमान का उपयोग और अमेरिकी एजेंसियों द्वारा एक वीडियो में जंजीरों में बंधे भारतीय नागरिकों का वीडियो विधिवत प्रचारित करने का कृत्य अनुचित तथा भारतीय नागरिकों के सम्मान और अधिकारों की कीमत पर भारत की नकारात्मक छवि दिखाने की कोशिश करता है। यह चौंकाने वाली बात है कि भारतीयों के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जा रहा है जैसा वेनेजुएला के कुछ गिरोह के सदस्यों के साथ हो रहा है और जिन्हें 'बेहद खतरनाक व आपराधिक अवैध एलियंस' कहा जाता है तथा जिन्हें क्यूबा में अमेरिका संचालित कुख्यात ग्वांतानामो बे जेल शिविरों में भेज दिया गया है।

भारतीयों के साथ ऐसा व्यवहार करने के लिए भारत को अमेरिका की निंदा करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस पर खुलकर बात न करने का फैसला किया। हालांकि उन्होंने बताया कि गरीब लोगों को गुमराह कर अपने जाल में फंसाने वाले और सीमाओं के पार अवैध रूप से लोगों की तस्करी में मदद करने वाले गिरोहों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह सही स्थिति है। लेकिन अगला तार्किक कदम यह होगा कि अमेरिका से कहा जाए कि वह बिना दस्तावेज वाले भारतीयों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न करें या वापस भेजते समय उन्हें बेड़ियों में न डालें।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भारतीय विदेश मंत्री को पहले यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि स्तरीय 'यह अमेरिका के लिए सामान्य प्रक्रिया है।' उन्होंने कहा कि निर्वासितों को हटाने के लिए विमानों के उपयोग संबंधी 'आईसीई (अमेरिका के आव्रजन और ग्राहक प्रवर्तन) की मानक संचालन प्रक्रिया 2012 से प्रभावी है। यह बयान तकलीफ में पड़े लोगों की कैसे मदद कर सकता है? आम भारतीयों के साथ हुए इस व्यवहार पर क्या 'विश्व गुरु' राष्ट्र के विदेश मंत्री जयशंकर को शर्म नहीं आती?

अमेरिका से अगर 20 हजार भारतीयों में से सभी को वापस भेजा जाना है तो नियोजित निर्वासन के लिए लगातार उड़ानों की आवश्यकता होगी। यह संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि अमेरिकी आव्रजन विभाग के छापे जारी हैं। जो लोग पकड़े जाते हैं, उन्हें वकीलों, चिकित्सा सहायता और अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए और इन सुविधाओं के बिना हिरासत में रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनमें से किसी को भी जंजीरों में जकड़ कर वापस भेजने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

यहां उन अन्य मुद्दों की बात नहीं हो रही है जिन पर ट्रम्प आगे बढ़ना जारी रखेंगे। दोनों देशों की टीमों के बीच ऊर्जा सौदों और रक्षा आपूर्ति के बारे में चर्चा जारी है। अमेरिका के साथ भारत एक सीमा तक ही खेल खेल सकता है। भारत किस सीमा तक झुक सकता है यह बताने के लिए एक स्पष्ट रेखा खींचनी जरूरी है। ट्रम्प को खुश करने के लिए भारत को झुकना नहीं चाहिए।

## केरल में जीवन शिक्षा की पहल

**– बाबा मायाराम**

केरल के पालक्कड़ जिले के शोरनूर में एक ऐसा प्रशिक्षण केन्द्र है, जहां न केवल युवा प्राकृतिक खेती, बुनाई, मिट्टी के बर्तन और शिल्प का हुनर सीख रहे हैं,बल्कि इससे सम्मानजनक आजीविका भी हासिल कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। आज इस अनूठी पहल की कहानी बताना चाहूंगा, जिससे शिक्षा को समग्रता से समझा जा सके। सिर्फ अल्पकालीन उद्देश्य ही नहीं, बल्कि उसे जीवन में कैसे अपनाया जा सके, यह समझा जा सके।

शोरनूर से 4 किलोमीटर दूर फार्मर शेयर नामक केन्द्र स्थित है। कुछ समय पहले मुझे यहां जाने और इसे देखने-समझने का मौका मिला। उसी अनुभव को यहां साझा कर रहा हूं। केरल को प्रकृति से भरपूर राज्य माना जाता है। इसके बारे में सुनते रहे हैं, पर देखने का मौका कुछ समय पूर्व मिला।

सुबह से शाम तक यहां की दैनंदिन गतिविधियां और प्रकृति के कई रूप देखने को मिले। टेंट में विश्राम के दौरान कीट-पतंगों की फरफराहट, पेड़ों के बीच शांति व एकान्त, सुबह पक्षियों की चहचहाहट, गिलहरियों की उछल-कूद, हवा की सरसराहट, शाम को बारिश, साफ वातावरण, पेड़ों की पत्तियों की चमक और परिसर के मनोरम दृश्य से मेरा साक्षात्कार हुआ।

परिसर में आवाजाही, रसोई कक्ष में दक्षिण भारतीय भोजन की खुशबू, हथकरघे की खट-पट, चाक पर मिट्टी को आकार देती कारीगर महिलाएं, पेड़ों की कटाई-छंटाई, पौधों की निंदाई-गुड़ाई, लाइब्रेरी में अध्ययन, यहां कुछ ऐसी ही गतिविधियां दिनचर्या की हिस्सा थीं।

चारों ओर हरियाली से घिरा फार्मर शेयर का घर, बहुत ही साधारण चीजों से बना है। इसमें बेकार समझी जाने वाली चीजों का उपयोग किया गया है। जैसे साइकिल के रिम, लकड़ी के टुकड़े, स्टील की फ्रेम, जंगली बीज इत्यादि। दीवारों के पलस्तर में नीम की पत्तियां व तीखी गंधवाली पत्तियां मिला दी गई हैं, जिससे कीट नियंत्रण में मदद मिलती है।

इसके संस्थापक अम्ब्रोज कूलियत ने बतलाया कि वर्ष 2017 में इस केन्द्र की शुरूआत की गई। सबसे पहले मित्रों के साथ मिलकर एक ट्रस्ट बनाया गया, फिर 10 एकड़ जमीन पट्टे पर ली और प्राकृतिक खेती की शुरूआत की। धीरे-धीरे इसका विस्तार होते गया। अब यहां हथकरघे से कपड़े बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना और हस्तशिल्प की इकाईयां संचालित की जा रही हैं।

वे आगे बताते हैं कि केन्द्र की सोच गांधी के ग्राम स्वराज के विचारों से प्रभावित है। उनका मानना है कि प्रत्येक गांव और इलाके को स्वशासन, आजीविका और संसाधनों के उत्पादन व वितरण में आत्मनिर्भर होना चाहिए। यह केन्द्र इसी की एक छोटी पहल है।

इसके पूर्व उन्होंने जीविकोपार्जन के लिए कई तरह के काम किए। स्कूली पढ़ाई के बाद उन्होंने निर्माण मिस्त्री का काम किया। स्वाश्रय आंदोलन से जुड़े, जिसके तहत भोजन, रोजगार, स्वास्थ्य और खेती का प्रशिक्षण दिया, कोच्चि में जैविक उत्पादों से बने भोजन का रेस्तरां खोला। इन सब कामों से वे खुश थे, और उनकी इनमें दिलचस्पी भी थी। लेकिन वे आत्मनिर्भर और टिकाऊ समुदाय का मॉडल बनाना चाहते थे,इसलिए फार्मर शेयर की शुरूआत की।

उन्होंने बताया कि फार्मर शेयर में हम एक ऐसी संस्कृति विकसित करना चाहते हैं,जहां संसाधनों का उपयोग इस तरह से किया जाए जिससे पर्यावरण व प्रकृति का नुकसान न हो। और लालच की बजाय जरूरत के आधार पर संसाधनों का उपभोग हो। इसका उद्देश्य स्थानीय लोगों को ऐसे श्रम आधारित कामों से आजीविका उपलब्ध कराना भी है,जिन कामों से उन्हें संतुष्टि व सम्मान मिले। यहां मुख्य रूप से पर्माकल्चर पद्धति से फूलों की खेती की जाती है। शंखपुष्पी और हिबिस्कस की खेती करते हैं। यहां एक साथ कोई खेत भी नहीं है, जहां भी जगह होती है, वहीं पौधों को उगाया व रोपा जाता है।

# दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवतः पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है।



कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नजदीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे।

दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी।

भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं।

एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली।

सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पोस्ट किये थे।

अमर्यादित व कई नफरती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाजा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं। नयी मुख्यमंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर दिल्ली का कितना विकास करते हैं, यह तो वक्त ही बतायेगा परन्तु दोनों मिलकर आप को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- यह तय माना जा रहा है, क्योंकि उसने भाजपा को तीन बार परास्त किया है। कांग्रेस की स्थिति सदन में तो शून्य है, यहां और सदन के बाहर उसे आप का ही सफाया करने की जरूरत है जिसके बाद वह खुद को लम्बे समय तक एकछत्र राज करने के काबिल मान रही होगी। फिर भी, रेखा गुप्ता के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली तो है जनहित के मुद्दों को आप ने प्रमुख विमर्श बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर उन्हें ठोस कार्य करने होंगे जिसकी भाजपा आदी नहीं है। कुछ अन्य राज्यों में तो यह चल सकता है लेकिन दिल्ली में उन्हें ठोस नतीजे देने होंगे। आप ने कई सेवाएं या तो मुफ्त कर दी थीं अथवा रियायती दर पर। इन्हें जारी रखना भाजपा की नयी सरकार के लिये चुनौती होगी। यमुना नदी की सफाई भी बड़ा मुद्दा है

जहां नयी सरकार को कुछ कर दिखाना होगा। कांग्रेस नहीं है पर उसकी सरकार के दौरान शीला दीक्षित के किये काम आज भी बेंचमार्क हैं। उनसे बड़ी रेखा खींचनी होगी रेखा गुप्ता को।

# मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय



**रायपुर/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज को नया रायपुर मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा।

इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 हेतु राज्यपाल महोदय के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक (ठड्ढल्ल-।४ल्लू३ड्ढल्लं') आधार पर यथास्थान (क्ल्ल ३३४) प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने हेतु आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया गया।

## अनूपपुर: 2.29 करोड के गवन के मामलें में उपसंचालक कृषि एनडी गुप्ता की अग्रिम जमानत खारिज




**अनूपपुर/ब्यूरो।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम पंकज जैसवाल की न्यायालय ने कृषि विभाग में हुए 02 करोड 29 लाख के गवन के मामलें में उपसंचालक कृषि व परियोजना संचालक किसान कल्याण विभाग के एनडी गुप्ता की अग्रिम जमानत आवेदन खारिज कर दिया हैं।

दरअसल, उपसंचालक कृषि व परियोजना संचालक किसान कल्यातण विभाग नारायण दास गुप्ता के विरूद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ईओडब्लू द्वारा 11 फरवरी को भ्रष्टाचार का प्रकरण दर्ज किया था। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम व गवन का दर्ज प्रकरण शासन की 02 करोड 29 लाख से अधिक की राशि का गवन हुआ है। प्रकरण में ईओडब्लू की ओर से पैरवी प्रभारी जिलाअभियोजनअधिकारी हेमंत अग्रवाल द्वारा द्वारा अग्रिम जमानत आवेदन का विरोध करते हुए न्यायालय में तर्क दिया कि अभियुक्त के विरूद्ध की गयी शिकायत जॉच में सही पायी गयी है। अभियुक्त द्वारा शासकीय पद पर रहते हुए शासन की 02 करोड 29 लाख की राशि का गवन किया गया है। प्रकरण में विवेचना प्रारंभिक स्तर पर है। अभियोजन के तर्क व अभिलेख पर आये तथ्यों पर विचार करते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी एनडी गुप्ता की अग्रिम जमानत खारिज कर दी।

## अंतिम चरण के पंचायत चुनाव हेतु भैरमगढ़ ब्लाक के नक्सल प्रभावित इलाकों के लिए मतदान दल हुआ रवाना



**बीजापुर/ब्यूरो।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बीजापुर जिले में अंतिम चरण का मतदान रविवार 23 फरवरी को जनपद पंचायत भैरमगढ़ में होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भैरमगढ़ पीआर साहू ने बताया कि, जनपद पंचायत भैरमगढ़ के 60 ग्राम पंचायतों के लिए 89 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। विकासखण्ड के 175 वार्डों में पंच का और 48 ग्राम पंचायतों में सरपंच का निर्वाचन होगा। इसके अतिरिक्त 15 जनपद क्षेत्रों, 3 जिला पंचायत सदस्य के लिए भी मतदान होगा। विकास खण्ड में कुल 16649 महिला, 15521 पुरुष और 6 अन्य इस प्रकार कुल-32176 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

अनुविभागीय दण्डाधिकारी विकास सर्वे के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी सूर्यकांत घरत और जनपद सीईओ पीआर साहू ने सुचारू रूप से मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्था कराई। आज शनिवार सुबह 7 बजे से दूरस्थ क्षेत्र कुटरू, रानीबोदली और फरसेगढ़ के मतदान दलों को मतदान सामग्री उपलब्ध कराया गया। बीजापुर कलेक्टर संबित मिश्रा ने सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया। कलेक्टर ने मतदान दलों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भिक होकर मतदान की प्रकिया सावधानी के साथ पूरा करने की समझाइश दी। बाकी मतदान दलों को भी मतदान सामग्री वितरित किया जा चुका है।

## मृत्यु ही ध्रुव सत्य है : आचार्य सीताकान्त



### महाशिवरात्रि को अभिषेक के साथ कथा का होगा समापन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। दिल्ली के** श्री शिव मंदिर श्रेष्ठ विहार के कथा व्यास आचार्य सीताकान्त ने कहा कि मृत्यु ही ध्रुव सत्य है। बाकी सब चीज बिगड़ने वाली हैं। केवल मौत ही अपरिवर्तनीय है, सत्य है और मरना सबको सुनिश्चित है। मैं यह कहना चाहता हूँ - राजन्! महत्व जन्म लेने का नहीं है।महत्व मौत का नहीं है। प्रश्न ये है की जितने दिन हम जीते हैं, उतने दिन हम करते क्या हैं। यह बातें कथा व्यास आचार्य सीताकान्त ने महाकुंभ नगर के सेक्टर -13 स्थित मुक्ति मार्ग के भू संख्या - 109 पर चल रही श्रीमद्भागवद् कथा में आज कहीं। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कौन से सन् में कितने बजकर कितने मिनट पर जन्म लिया और कितने बजकर कितने मिनट पर उनका बैकुण्ठवास हो गया, इसे कोई जानता है। कंस ने कब जन्म लिया और कब मरेगा, कोई जानता है परंतु कंस ने क्या किया, वह सब जानते हैं।

राजन्, तुम्हारे चरित्र पर कलंक लग जाएगा।बड़ा वीर बनता था, बहन को तलवार से मार दिया। ऐसा मत करो राजन्। आचार्य सीताकान्त ने कहा कि भारत के नब्बे प्रतिशत लोग नहीं जानते है लेकिन स्वामी स्वामी विवेकानंद ने जीवन में किया क्या, पढ़े- लिखे लोगों में 95 प्रतिशत लोग जानते हैं। कथावाचक आचार्य सीताकान्त ने कहा कि कंस ने कहा कि सुनिये, यह भाषण किसी और को सुनाना, ये वेदांत किसी और को देना। मैं तो इतना जानता हूँ कि मेरे काल को जन्म देगी देवकी और काल को जन्म देने वाली को मैं नहीं छोडूंगा, तो काल पैदा होगा कहाँ से?आचार्य सीताकान्त ने कहा कि वासुदेव ने कहा कि सुनो, तुम्हें देवकी से कोई भय नहीं, उसके पुत्रों से भय है न, देवकी के गर्भ से जितने भी बालक जन्म लेंगे, जन्म लेते ही तुम्हें समर्पित कर दूँगा, मार देना। लेकिन देवकी को छोड़ दो। उन्होंने कहा कि कंस ने कहा - जब तक आठ बालक नहीं हो जाते, मेरी भी एक शर्त है। बोले - क्या। आपको कारागार में रहना होगा। हथकड़ी-बेड़ियाँ पहननी होंगी। बोलिये मंजूर है। वसुदेव बोले, सब मंजूर है। कथा व्यास ने कहा कि देवकी-वसुदेव को जेल में डाल दिया।एकदम बदल गया। वसुदेव की बड़ी पत्नी रोहिणी हैं, वो यशोदा की सहेली हैं। कथा का समापन महाशिवरात्रि को भगवान शिव के अभिषेक के साथ होगा।

## आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन के अध्यक्ष ने संगम में लगाई डुबकी



### संगम स्नान के बाद शिविर में किया पूजन, हवन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर । तीर्थ**राज प्रयागराज के संगम तट पर लगे विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ में वीवीआईपी लोगों के गंगा, संगम स्नान कर अक्षय पुण्य अर्जित करने का सिलसिला जारी है। दिव्य, अलौकिक और जगत कल्याणकारी महाकुंभ के साक्षी देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालु बन रहे हैं। दुर्लभ संयोग में संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर हर कोई तृप्त होने की अनुभूति कर रहा है। पवित्र प्रयागराज की वसुंधरा पर संतों के आशीर्वाद की छांव में जो आए वह धन्य हो गए। अध्यक्ष आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन, एवं इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के जनरल सेकेट्री सह एक्टिंग सीईओ कल्यान चौबे आज महाकुम्भ क्षेत्र पहुंचे। उन्होंने गंगा स्नान कर मेला क्षेत्र के हर्षवर्धन मार्ग सेक्टर -18 में लगे जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महराज के शिविर पहुंचे। शिविर में चल रहे महायज्ञ में भाग लिया और जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज से आशिर्वाद प्राप्त किया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद देर शाम को प्रस्थान किया। पुरी पीठ के जगद्गुरु

शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महराज ने बताया कि महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर संगम स्नान और पूजन के पश्चात आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 50 वर्ष पुराने आकाशवाणी रिले केंद्र का टावर गिरा, रेडियो प्रसारण हुआ बंद



**जगदलपुर/ब्यूरो।** बस्तर संभाग मुख्यालय में आकाशवाणी केंद्र जगदलपुर के तेलीमारेंगा स्थित रिले केंद्र का टावर कल गिर गया। टावर गिरने के कारण आकाशवाणी का रेडियो पर प्रसारण बंद हो गया है। नया टावर खड़ा करने में दो से तीन माह का समय लग सकता है। लगभग 50 वर्ष पुराने इस टावर की ऊंचाई 168 मीटर थी। प्रसार भारती द्वारा टावर गिरने के घटना की जांच की जाएगी। घटना के समय रिले केंद्र में ड्यूटी पर रहे इंजीनियर प्रफुल्ल पन्ना ने बताया कि, घटना के समय तेज हवा चलने जैसी स्थिति भी नहीं थी। जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारण का पता चल पाएगा। आकाशवाणी केंद्र के निदेशक बलवीर कच्छ से प्रसारण की स्थिति को लेकर चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि रेडियो पर प्रसारण बंद हो गया है।

## मुख्यमंत्री साय ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के लिए मतदाताओं से की वोट की अपील



**रायपुर/ब्यूरो।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव-2025 के लिए मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय व अंतिम चरण के अंतर्गत प्रदेश के 50 विकासखंडों में कल वोट डाले जाएंगे। जिस तरह हम मोदी की गारंटी के सभी वादों को पूरा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह हम ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए जारी कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेंगे। इसलिए भाजपा समर्थित उमीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाएं।

सीएम साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों के पक्के घर के सपने को साकार किया है। किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल धान की कीमत देने का वादा पूरा किया है और धान की अंतर की राशि बारह हजार करोड़ रुपये भी जारी कर दी है। महतारी का सम्मान करते हुए हमने महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को अब तक बारह किस्त जारी कर दी है।

भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत गाँवों में घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य जोरों पर है। उन्होंने कहा कि हम किसानों, महिलाओं, गरीबों, आदिवासियों, जरूरतमंदों सभी वर्ग की सेवा कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करें, उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं।

गौरतलब है कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के अंतर्गत कल प्रदेश के 50 विकासखंडों में मतदान संपन्न होना है। जिसके परिणाम 24 फरवरी को घोषित होंगे।

## महाकुंभ का शानदार है आयोजन: महंत राजेंद्र दास महराज

### निर्मोही अनी अखाड़ा के महंत का सत्संग , शिष्यों को दें रहे आशीर्वाद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**महाकुंभ नगर। महाकुं**भ मेला में निमोर्ही अनी अखाड़ा के महंत राजेंद्र दास संत, महंतों से मिलकर उनके साथ सत्संग करते हुए शिष्यों को आशीर्वाद दें रहे हैं। महंत राजेंद्र दास महराज ने महाकुंभ के भव्य, दिव्य और सफल आयोजन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ और महाकुंभ मेला प्रशासन, पुलिस के अफसरों को बधाई देते हुए कहा कि महाकुंभ का शानदार आयोजन था, देश - विदेश के करोड़ों लोगों ने गंगा, संगम में दिन, रात स्नान कर अक्षय पुण्य लाभ अर्जित किया है।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान से पूर्व करोड़ों लोगों का प्रयागराज आने का जो सिलसिला शुरू हुआ है वह आज भी जारी है।

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महराज के साथ महंत राजेंद्र दास ने सनातन धर्म, राष्ट्रीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए उसके निस्तारण पर जोर दिया। महंत राजेंद्र दास महराज ने जौनपुर के प्रसिद्ध अन्नक्षेत्र स्वामी बालकदास महराज के संयोजक मार्केण्डेय सिंह मुन्ना भइया को आशीर्वाद दिया। इस दौरान महाकुंभ में माहभर चले विशाल अन्नक्षेत्र पर विस्तार से चर्चा किया। महंत राजेंद्र दास महराज ने इस दौरान बड़ी संख्या में शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## ऊर्जा विभाग देगा उद्योगपतियों को कई सहुलियतें : मंत्री तोमर



**भोपाल/ब्यूरो।** प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये ऊर्जा विभाग द्वारा बिजली बिलों में और उच्च दाब कनेक्शनों के लिये विभिन्न प्रकार की छूटों का प्रावधान किया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार उद्योगपतियों को ऊर्जा विभाग द्वारा कई सहूलियतें दी जा रही हैं। तोमर ने कहा है ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से प्रदेश में उद्योगीकरण को गति मिलेगी।

जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने शनिवार को जानकारी दी कि ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया है कि उच्च दाब कनेक्शन लेने वाले नए उद्योगों के लिये 33 केव्ही पर 5 वर्ष, 132 केव्ही पर 7 वर्ष और 220 केव्ही पर 10 वर्ष के लिये विद्युत शुल्क से छूट मिलेगी। नए उच्च दाब कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत अथवा 1 रुपए प्रति यूनिट में जो भी कम हो, की 5 वर्ष के लिये छूट दी जाएगी। कैप्टिव पॉवर उपयोगकर्ता को कैप्टिव उत्पादन कम कर विद्युत वितरण कम्पनी से बिजली खरीदने पर बड़ी हुई खपत में 2 रुपए प्रति यूनिट की छूट 5 वर्ष तक के लिये दी जाएगी। विद्यमान उच्च दाब उपभोक्ताओं को बढ़ी हुई यूनिटों पर ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

**कार्पोरेट स्तर पर रिलेशनशिप मैनेजर्स नियुक्त**

उच्च दाब उपभोक्ताओं को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 14 दस्तावेजों के स्थान पर मात्र 2 दस्तावेजों के आधार पर 7 दिन में नए कनेक्शन दिये जा रहे हैं। शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये कार्पोरेट स्तर पर रिलेशनशिप मैनेजर्स नियुक्त किये गये हैं। विद्युत शुल्क का युक्तियुक्तकरण किया गया है। इससे माईन्स, सीमेंट उद्योग और स्टोन क्रशर को छोड़कर सभी अन्य उद्योगों पर एक समान 9 प्रतिशत की दर से विद्युत शुल्क लगेगा।

पहले उच्च दाब उद्योगों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगता था। उचित पॉवर फेक्टर बनाएं रखने के लिये बिल में छूट और अग्रिम, शीघ्र और ऑनलाइन बिल भुगतान में प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। वद्यिुत कनेक्शन में नाम परिवर्तन और भार परिवर्तन की ऑनलाइन सुविधा दी गई है। वर्तमान में उच्च दाब औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1886 करोड़ रुपए की छूट दी गई है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये ग्रीन एनर्जी टैरिफ लागू किया गया है। इसमें प्रमाणीकरण एवं नवकरणीय क्रय दायित्व के लिये अलग से दरें तय की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में उद्योग स्थापना पर ग्रामीण फीडर से विद्युत प्रदाय कर विद्युत दरों में कमी करने का प्रावधान किया गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्यप्रदेश, बिहार और असम का करेंगे दौरा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस दौरान वह कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ करेंगे और विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी 23 फरवरी को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गरहा गांव में बागेश्वर धाम मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट का शिलान्यास करेंगे। यह संस्थान 200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनेगा और कैंसर मरीजों के लिए विशेष उपचार प्रदान करेगा, साथ ही यहां आधुनिक उपकरण और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे। इस संस्थान का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

वहीं, 24 फरवरी को पीएम मोदी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह समिट मध्यप्रदेश को एक वैश्विक निवेश हब के रूप में स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। समिट में फार्मा और मेडिकल डिवाइस, परिवहन और लॉजिस्टिक्स, उद्योग, कौशल विकास, पर्यटन और एमएसएमई जैसे विभिन्न विभागों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा, वैश्विक दक्षिण देशों का सम्मेलन, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन सत्र जैसे अंतरराष्ट्रीय सत्र भी होंगे। समिट के दौरान तीन प्रमुख औद्योगिक प्रदर्शनियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें ऑटो शो, टेक्सटाइल एंड फैशन एक्सपो और 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' विलेज शामिल हैं।

पीएम मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे, जिसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रधानमंत्री किसान कल्याण के लिए समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में किसानों की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं।

इसके अलावा, पीएम मोदी मोतिहारी में निर्मित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत विकसित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इंडिजिनस ब्रीड्स का उद्घाटन करेंगे।

यह केंद्र किसानों को आधुनिक प्रजनन तकनीकों का प्रशिक्षण देगा और भारतीय नस्लों के पशुओं के प्रजनन को बढ़ावा देगा। प्रधानमंत्री एक दूध उत्पाद संयंत्र का भी उद्घाटन करेंगे, जिसका उद्देश्य तीन लाख दूध उत्पादकों के लिए एक संगठित बाजार बनाना है।

प्रधानमंत्री मोदी भागलपुर में वारिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण और इस्माइलपुर-रफीगंज रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन भी करेंगे। इन परियोजनाओं का कुल मूल्य 526 करोड़ रुपये से अधिक है।

वहीं, 25 फरवरी को पीएम मोदी का असम दौरा प्रस्तावित है। 25 फरवरी को पीएम मोदी असम के गुवाहाटी में 'झूमोइर बिनंदिनी (मेगा झूमोइर) 2025' कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव होगा, जिसमें असम की चाय जनजाति और आदिवासी समुदायों के 8,000 कलाकार झूमोइर नृत्य का प्रदर्शन करेंगे। यह कार्यक्रम असम के चाय उद्योग के औद्योगीकरण के 200 वर्षों की उपलब्धियों का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री 25 फरवरी को 'एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट 2025' का उद्घाटन करेंगे, जो गुवाहाटी में 25 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा। समिट में सात मंत्रिस्तरीय सत्र और 14 विषयगत सत्र होंगे। इसके अलावा, राज्य की आर्थिक स्थिति, औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार साझेदारियों पर एक व्यापक प्रदर्शनी भी होगी।

## बुराड़ी पुलिस टीम ने पेपर कटर मारकर लूटपाट करने वाले दो बदमाश व नाबालिग को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** बुराड़ी थाना पुलिस टीम ने एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आबिद और शिवम के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 4 मोबाइल फोन एक बाइक और पेपर कटर बरामद किया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बाँठिया ने बताया कि थाना बुराड़ी एसएचओ संजय कुमार और एसआई नवीन (चौकी प्रभारी सरकारी अस्पताल बुराड़ी) की देखरेख में गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण किया। विश्लेषण के दौरान,पहली घटना में, तीन लड़के पुस्ता रोड पर घूमते तथा शिकायतकर्ता के साथ लूटपाट करते हुए देखे गए और दूसरी घटना में, घटना स्थल के पास एक बाइक पर दो लड़के देखे गए जोकि बाइक पर महिला शिकायतकर्ता/पीड़ित का पीछा कर रहे थे।

सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों के मार्ग का पता लगाया गया, लेकिन रात का समय होने के कारण अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक सीसीटीवी कैमरों में कैद नहीं हो सकी, टीम के सदस्यों ने अपने प्रयास जारी रखे और रात के समय पुस्ता रोड पर रणनीतिक जाल बिछाना शुरू कर दिया और सादे कपड़ों में पुस्ता रोड पर कर्मचारियों की मौजूदगी बढ़ा दी।, टीम को एक सूचना मिली कि दोनों मामलों में लूट करने वाले लड़के आगे की वारदात को अंजाम देने के लिए पुस्ता रोड पर बाइक पर घूम रहे हैं। टीम के सदस्यों ने पुस्ता रोड पर जाल बिछाया। दोनों अपराधियों को पकड़ने की कोशिश की और उनमें से एक को पकड़ने में सफलता हाथ लगी, जिसकी पहचान आबिद, के रूप में हुई, लेकिन दूसरा अपनी बाइक पर मौके से फरार हो गया।

लेकिन बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि 13 फरवरी की रात पुस्ता रोड, बाबा कॉलोनी में एक व्यक्ति पर धारदार पेपर कटर से हमला कर उससे मोबाइल फोन लूटा था। उसके बाद 15 फरवरी की देर शाम प्रधान एन्क्लेव के पास पुस्ता रोड पर घूमते हुए पाई गई एक महिला से एक मोबाइल फोन भी लूट लिया था।

## सीमापुरी में बांग्लादेशी 5 साल से चला रहा था चाय की दुकान,भारत में दूसरी बार की थी एंट्री

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को शाहदरा जिला पुलिस की विदेशी प्रकोष्ठ सेल ने 19 फरवरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी शाह अली ने सीमापुरी के डी-ब्लॉक इलाके में पिछले पांच साल से चाय की दुकान खोल रखी थी।



पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि टीम लगातार इलाके में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की जांच पड़ताल कर रही है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बांग्लादेशी नागरिक नई सीमापुरी डी ब्लॉक इलाके में चाय की दुकान चला रहा है। पुलिस की टीम ने दबिश देकर वहां से शाह अली को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पता चला कि वह बेगरहाट बांग्लादेश का रहने वाला है। वह पांच साल पहले अवैध रूप से भारत की सीमा में घुसा और पुलिस से बचने के लिए न्यू सीमापुरी इलाके में चाय की दुकान चलाने लगा। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बांग्लादेशी व्यक्ति ने स्वीकार किया है कि वह पांच साल पहले अवैध रूप से भारत में घुसा था।

उन्होंने बताया कि उसे पहले बांग्लादेशी प्रकोष्ठ द्वारा स्वदेश भेजा गया था, लेकिन 2018 में उसने फिर से भारत में प्रवेश कर लिया। इससे पहले महीने की शुरूआत में दिल्ली पुलिस ने जाली भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर गैर कानूनी तरीके से भारत में रहने के आरोप में बांग्लादेश के तीन नागरिकों को पकड़ा था। पुलिस अधिकारी ने बताया था कि अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत पहाड़गंज क्षेत्र से इन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, 28 जनवरी को दस्तावेजों के सत्यापन और आंकड़ों के विश्लेषण के दौरान तीन बांग्लादेशियों की धोखाधाड़ी का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया कि उनके आवास की तलाशी में दो भारतीय पासपोर्ट, दो बांग्लादेशी पासपोर्ट, पांच आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक मतदाता पहचान पत्र, कई बैंक दस्तावेज और एक बांग्लादेशी शिक्षा बोर्ड का अंकपत्र बरामद हुए।

## 24 फरवरी से दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू, 70 नवनिर्वाचित विधायक लेंगे शपथ

**नई दिल्ली, ।** हाल ही में संपन्?न दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हास?िल करने वाले सभी 70 नवनिर्वाचित विधायक 24 फरवरी से शुरू हो रही दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह सत्र 24 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। तीन दिवसीय सत्र में विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा।



24 फरवरी (सोमवार) को सुबह 11 बजे नई विधानसभा का पहला सत्र शुरू होगा। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली शपथ दिलाएंगे। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देश पर लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। जब तक विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता, वह प्रोटेम स्पीकर के तौर पर जिम्मेदारी संभालेंगे।

24 फरवरी को दोपहर 2 बजे विधानसभा स्पीकर का चुनाव किया जाएगा।

25 फरवरी को विधानसभा के इस सत्र में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा के पटल पर सीएजी रिपोर्ट रखी जाएगी। एलजी के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता धन्यवाद प्रस्ताव पेश करेंगी। 27 फरवरी को सदन में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। बता दें कि जो सदस्य 24 फरवरी को शपथ लेने में असमर्थ हैं, वे बाद में विधान सभा की किसी भी बैठक में सचिव को सुबह 11 बजे तक तक सूचना देकर शपथ ले सकेंगे।

इसके अलावा तय तिथि के अनुसार ही विधानसभा की बैठकें चलेंगी, जब तक कि विधानसभा अध्यक्ष अन्य कोई निर्देश न दें।

ज्ञात हो कि आठवीं विधानसभा के पहले सत्र में 25 फरवरी को दिल्ली की भाजपा सरकार सीएजी रिपोर्ट पेश कर अपने उस वादे को पूरा करेगी, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने किया था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान विपक्ष में बैठी भाजपा ने मांग की थी कि सीएजी रिपोर्ट को पेश किया जाए। लेकिन, रिपोर्ट पेश नहीं की गई थी।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में पहली कैबिनेट की बैठक में सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा हुई थी। इस दौरान 14 सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई थी। दिल्ली की भाजपा सरकार ने इस दौरान दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को भी मंजूरी दी थी।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के दौरान तीन अपराधियों को दबोचा

**नई दिल्ली ।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रोहिणी के बेगमपुर इलाके में शुक्रवार देर रात मुठभेड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपी के पैर में गोली। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी, रोहित और प्रिंस के रूप में हुई है।



क्राइम ब्रांच के एडिशनल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि इंस्पेक्टर नीरज शर्मा के नेतृत्व में, एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में और डीसीपी सतीश के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन अपराधी मोटरसाइकिल पर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। पुलिस को यह भी पता चला कि वे किसी की हत्या करने और वाहन लूटने की साजिश रच रहे थे।

इसके बाद, पुलिस टीम ने रोहिणी सेक्टर-24 के पास जाल बिछाया। रात करीब 10:50 बजे, पुलिस ने मोटरसाइकिल पर आते तीनों आरोपियों को देखा और उन्हें रुकने का इशारा किया। लेकिन वे पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। इस दौरान, हेड कांस्टेबल नवीन ने उनका पीछा किया, तभी आरोपियों ने गोली चला दी। एक गोली नवीन के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे एक आरोपी के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अतुल उर्फ मोंटी उर्फ जैकी पर पहले से सात मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या और लूटपाट जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। रोहित पर छह मुकदमे दर्ज हैं, जबकि तीसरा आरोपी प्रिंस भी कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त था।

पुलिस ने इनके पास से एक पिस्तौल, दो कट्टे और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

जांच के दौरान पता चला कि ये आरोपी हिमाचल प्रदेश के एक गैंगस्टर के संपर्क में थे और उसके लिए काम कर रहे थे।

## उन महिलाओं को 25 सौ रुपए की योजना का नहीं मिलेगा लाभ, जो नौकरी और पेंशनधारी महिलाएं हैं



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान सभी पार्टियों ने जनता को लोक लुभावन लालच दिया था, जैसे कि आम आदमी पार्टी ने 21सौ रुपए तो भाजपा और कांग्रेस पार्टी ने हर महिला को प्रतिमाह 25 सौ रुपए देने का लालच दिया था।

चुनावी दौरान में भाजपा ने रैलिओं में कहा था कि 11 साल से बंद पड़ी वृद्धावस्था पेंशन शुरू करेंगे, जिसमें 25 सौ रुपए और 70 वर्ष से अधिक को तीन हजार रुपए प्रति माह पेंशन देंगे।

उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए 10 लाख का फ्री इलाज के साथ आयुष्मान योजना को लागू करेंगे जिसमें 5 लाख राज्य सरकार और 5 लाख केंद्र सरकार द्वारा इलाज उपलब्ध होगा। इसके अलावा बहनों के स्वाभावलंबन हेतु 25 रुपए और गर्भवती बहनों को 21 हजार की मदद छह पोषण किट उपलब्ध कराएंगे। प्रधानमंत्री ने मार्च महीने में 25 सौ रुपए देने का वाइदा किया था। अब दिल्ली की जनता में महिलाओं ने अरविंद केजरीवाल से ज्यादा प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भरोसा किया,और इस बार दिल्ली की जनता ने भाजपा के पाले में 48 सीट की जीत दिलाकर कमल खिला दिया।

## चुनाव में हार के बाद गोपाल राय की समीक्षा, संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने चुनाव में हार के बाद संगठन के पुनर्गठन और आगामी कार्य योजनाओं को लेकर कहा है कि पार्टी सदन में सकारात्मक भूमिका निभाएगी और मोहल्लों में भी जनता के मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन करती रहेगी।गोपाल राय ने कहा, "हम सदन में विधानसभा में एक सकारात्मक भूमिका निभाएंगे और मोहल्ला स्तर पर खड़े रहकर सरकार के गलत कामों का विरोध करेंगे। हमनें आज यह निर्णय लिया है कि संगठन के पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करेंगे और इसे और मजबूत करेंगे।"उन्होंने आगे कहा कि पार्टी के जिला सचिवों, विधानसभा प्रभारी और संगठन मंत्रियों के साथ बैठक की जाएगी। 19 फरवरी को 70 विधानसभा सचिवों और अध्यक्षों की बैठक बुलाई गई थी।

## 500 गीगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूनिक इनोवेशन की आवश्यकता

**नई दिल्ली, ।** ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने इंडस्ट्री के पक्षकारों से कहा कि भारत के 500 गीगावाट के रिन्यूएबल एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए यूनिक इनोवेशन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

ग्रेटर नोएडा में इंडस्ट्री बॉडी इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) द्वारा आयोजित 'एलेक्रामा 2025' कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने देश की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में बिजली क्षेत्र के महत्व पर जोर दिया।



लाल ने संबोधन में कहा कि भारत में पावर सेक्टर का भविष्य काफी अच्छा है। हमें उत्पादन बढ़ाने के लिए इनोवेटिव तरीकों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि ग्रीन एनर्जी का लाभ उठाने के लिए एंडवास पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, किफायती ट्रांसफार्मर, पावर कन्वर्टर्स, स्मार्ट ग्रिड सॉल्यूशंस विकसित करने की आवश्यकता है।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, इस सेक्टर को भारत के विकास का इंजन बनाने के लिए इंडस्ट्री और सरकार का संयुक्त प्रयास जरूरी है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। अगर इंडस्ट्री और सरकार दोनों मिलकर कुशलता से काम करें तो यह लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। भारत ने 2014 से अपनी रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता को 2.81 गुना बढ़ाकर 200 गीगावाट कर लिया है।

लाल ने आगे कहा कि इस दौरान भारत ने अपनी सोलर क्षमता को 38 गुना बढ़ाकर 100 गीगावाट से अधिक किया है। यह दिखाता है कि देश तेजी से रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने देश के ऊर्जा ट्रांसमिशन और वितरण नेटवर्क में सुधार के महत्व पर भी जोर दिया और इंडस्ट्री के खिलाड़ियों से ग्रिड को आधुनिक बनाने के लिए गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस) सबस्टेशन जैसे उच्च दक्षता वाले उपकरण विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "ई-मोबिलिटी एक बड़ा अवसर है, और उत्सर्जन को कम करने और स्वच्छ परिवहन का समर्थन करने के लिए देश को अधिक बैटरी-स्वैपिंग स्टेशन, फास्ट चार्जर और वाहन-टू-ग्रिड सिस्टम की आवश्यकता है।"

सरकार निवेशकों को पूर्ण सहायता प्रदान करेगी और उन्हें इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाओं और पहलों का लाभ उठाना चाहिए।

## भारत में पेट्रोलियम की कीमत दुनिया में सबसे कम: केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में पेट्रोलियम की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं।

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में ईंधन की कीमतें वास्तविक रूप से कम हुई हैं।

वैश्विक तेल आपूर्ति पर बोलते हुए पुरी ने कहा कि अब अधिक तेल अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा जैसे देशों से आ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और मौजूदा समय में 40 देशों से आपूर्ति भारत को मिल रही है। पहले इनकी संख्या 27 थी। अगर और देश इसमें जुड़ना चाहते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। इससे तेल की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री के कहा,"पेट्रोलियम की कीमतें बीते तीन वर्षों में कम हुई हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि पेट्रोल की कीमतों में −0.67 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, डीजल की कीमतों में 1.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।



## भंगेल एलिवेटेड रोड को अप्रैल में वाहन चालकों के लिए खोलने का प्लान, 90 प्रतिशत काम पूरा



**नोएडा। नोएडा में दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर बन रहे** भंगेल एलिवेटेड रोड के काम 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अप्रैल के पहले सप्ताह तक इसे वाहन चालकों के लिए शुरू करने की योजना है। ऐसे में मार्च के अंत तक काम पूरा करने का टारगेट रखा गया है।

यह परियोजना पहले से ही करीब तीन साल देरी से चल रही है। निर्माण में 608 करोड रुपए खर्च किए जा रहे है।

बरौला, भंगेल और सलारपुर में जाम खत्म करने के लिए इस एलिवेटेड रोड का निर्माण कराया जा रहा है। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-टू के गंदे नाले के पास तक बन रहा है।

इसका काम जून 2020 में शुरू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड का करीब 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

नवंबर महीने में सेक्टर-49 चौराहे पर ट्रैक को जोड़ने और गार्डर रखने का काम पूरा किया गया था। अब भंगेल और गंदे नाले के बीच में हिस्से काम चल रहा है। इस हिस्से में अभी ट्रैक बिछाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके बाद सड़क पर ब्लैक टॉप-काली परत-का काम पूरा होने में करीब एक महीने का समय लगेगा।

ऐसे में इस एलिवेटेड रोड का काम मार्च और अप्रैल तक पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना वर्ष 2022 में पूरी हो जानी चाहिए थी। ऐसे में यह करीब ढाई-तीन साल देरी से चल रही है। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि पहले सेक्टर-37 से फेज टू की ओर आने-जाने का सफर शुरू किया जाएगा। लूप बाद में बनाए जाएंगे।

लूप के लिए भी टेंडर जारी नहीं हुआ इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा। इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा।

इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे। इनको मंजूरी हुए करीब सवा दो साल से अधिक का समय हो चुका है लेकिन अभी तक टेंडर जारी नहीं किया गया है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि पहले एलिवेटेड रोड को पूरी तरह से पूरा किया जाएगा। इसके बाद लूप बनाए जाएंगे।

इस एलिवेटेड के शुरू होने से एक्सप्रेस वे पर वाहनों का भार काफी कम हो जाएगा। मसलन जिनको ग्रेटर नोएडा , सुरजपुर, कुलेसरा , दादरी जाना है वे इस एलिवेटेड का प्रयोग कर सकेंगे।

## फ्राड : साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा पीडित के शत प्रतिशत राशि वापस कराये गये



**नोएडा।** वादी की सूचना पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित बैंक से सामंजस्य स्थापित किया एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुये वादी की कंपनी के खाते से फ्रॉड हुये 02 लाख रुपए शत प्रतिशत वापस कराये गये। रुपए वापस पाकर वादी द्वारा नोएडा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

एक खबर के मुताबिक थाना कासना साइबर हेल्प डेस्क पर वादी द्वारा सूचना दी गयी कि एसबीआई क्रेडिट कार्ड की केवाईसी पूर्ण करने के लिए फोन आया था और फोन पर बात करते समय व्हाट्सएप के माध्यम से स्क्रीन शेयर कर वादी के साथ 90,000 रुपयों का फ्रॉड किया गया था। थाना कासना साइबर हेल्प डेस्क टीम द्वारा अथक प्रयास कर वादी के 50,000 रुपये उसके बैंक खाते में वापस कराये गये एवं अन्य रूपयों को वापस कराने की विधिक कार्यवाही की जा रही है। वादी द्वारा अपने रुपए वापस पाकर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## ग्रेटर नोएडा में समाजवादी पार्टी की पीडीए जन पंचायत, भाजपा सरकार पर बोला हमला

**ग्रेटर नोएडा।** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन पंचायत पखवाड़े के तहत शनिवार को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा-1 में जन पंचायत का आयोजन किया गया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट मनोज भाटी के संयोजन में आयोजित इस पंचायत की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने की, जबकि संचालन इंजीनियर गजेंद्र यादव ने किया।

**सपा नेताओं का भाजपा पर निशाना**

जन पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ही भाजपा सरकार की असली उपलब्धियां हैं। सरकार निजीकरण को बढ़ावा देकर नौकरियों को खत्म कर रही है, जिससे शिक्षित नौजवान रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

इस दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि सपा सरकार के दौरान प्रदेश में विकास के ऐतिहासिक कार्य हुए थे। खासकर नोएडा-ग्रेटर नोएडा में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया था, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद यह शहर विकास की दौड़ में पिछड़ गया। उन्होंने कहा कि आज पूरे शहर में गंदगी का अंबार लगा है और सेक्टरों की हालत बदतर हो चुकी है।

**संविधान से छेड़छाड़ का आरोप**

एडवोकेट मनोज भाटी ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान से छेड़छाड़ कर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का काम कर रही है।

संरक्षक: संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

सलाहकार संपादक: रिजवान सैफ खान

सह सपांदक: मोहम्मद दानिश फारुकी ,

सह संपादक: राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है

# अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**राष्ट्रीय शान**

**नोएडा।** अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री, द्वारा नौएडा क्षेत्र के डी०एस०सी० मार्ग, एम0पी0-3 मार्ग, एम0पी0-2 मार्ग, जोनल रोड नं0-6, ग्राम होशियारपुर, बिशनपुरा, सैक्टर-48, 62, 63 एवं 82 बस टर्मिनल इत्यादि का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आर०पी० सिंह, महाप्रबन्धक (जल/विद्युत एवं यांत्रिकी), एस० पी० सिंह, महाप्रबन्धक (जन स्वा०), विजय रावल, उप महाप्रबन्धक(सिविल), गौरव बंसल, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०- ।), आर०के० शर्मा, परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०- ।।), पारसनाथ सोनकर, वरिष्ठ प्रबन्धक (वर्क सर्किल-5), श्री उमेश चन्द्र, सहायक परियोजना अभियन्ता (जन स्वा०- ।), उपस्थित रहें।

**स्थलीय निरीक्षण में दिये गये निर्देश**

1. सैक्टर-82 एवं 110 के मध्य मार्ग पर सैक्टर-110 की सर्विस रोड पर पेड़ों की कटिंग एवं कूड़े के ढेर पाये गये। जिसके दृष्टिगत जन स्वास्थ्य विभाग के संविदाकार पर रू0 50000/- का अर्थदण्ड लगाने, उद्यान विभाग के संविदाकार पर रू० 50000/- का अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिये गये। इस मार्ग पर तैनात स्वास्थ्य निरीक्षक का एक माह का वेतन रोकने तथा सहा० परियोजना



अभियन्ता (जन स्वास्थ्य)-द्वितीय को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गये।

2. एम0पी0-3 मार्ग के निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थलों पर सी०एण्ड०डी० वेस्ट पड़ा हुआ पाया गया। जिसको तत्काल रूप से दो दिन में सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

3. नौएडा वन ऐप पर दर्ज सी०एण्ड०डी० वेस्ट की सभी शिकायतों एवं सम्पूर्ण नौएडा क्षेत्र से सी०एण्ड०डी० वेस्ट की सफाई दिनांक 26.02.2025 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. एम0पी0-3 मार्ग पर लॉजिक्स मॉल के निकट रबिश एवं पेड़ों की पत्तियां पड़ी हुई पायी गयी। जिनको तत्काल रूप से सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

5. ग्राम होशियारपुर में मुख्य मार्किट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों द्वारा नाले के ऊपर रैम्प बनाकर अतिक्रमण किया हुआ पाया गया। उक्त अतिक्रमण को हटाते हुए नाले के ऊपर सफाई हेतु जाल लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

6. सैक्टर-63 में विभिन्न स्थलों पर सफाई कार्यो का निरीक्षण किया गया। सैक्टर-63 में विभिन्न स्थलों पर गंदगी एवं पेड़ो की पत्ती बिखरी हुई पायी गयी। जिनको तत्काल रूप से सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

7. ग्राम बिशनपुरा के निरीक्षण में सिविल विभाग को ग्राम की क्षतिग्रस्त नालियों एवं जाल को यथाशीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये तथा ग्राम बिशनपुरा में नवनिर्मित सीमेंट कंक्रीट मार्ग में कुछ स्थानों पर हनीकांबिग पायी गई। जिसके दृष्टिगत संविदाकार पर रू0 1.00 लाख का अर्थदण्ड लगाया गया एवं सम्बन्धित अवर अभियन्ता का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये।

इससे पूर्व दिनांक 21.02.2025 को जान स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिए गए थे।

# पुष्प प्रदर्शनी में 1 लाख से ज्यादा अगंतुको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई





**नोएडा। नो**एडा के शिवालिक पार्क / हेलीपैड ग्राउण्ड सैक्टर 33 ए में चल रहे चार दिवसीय 37 वें वार्षिक नोएडा पुष्प प्रदर्शनी 2025 के तीसरे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

20 फरवरी से प्रारंभ हुए इस पुष्प प्रदर्शनी में 1 लाख से ज्यादा अगंतुको ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई गई है। विभिन्न स्टॉल जैसे खाने-पीने की दुकान ,पेड़ पौधों की दुकान , बच्चों के खेलने हेतु खिलौने की दुकानो से खरीदारी की गई तथा बच्चों द्वारा किड्स जोन में लगे झूलों का लुफ्त उठाया गया

पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रजातियों के फूलों द्वारा तैयार किए गए काशी विश्वनाथ मंदिर , कलश शंख चक्र , कैप्सिकम घर , एवं कप केतली, हंस, मिकी माउस आम पुष्प प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण केंद्र बने हुए हैं।

## सरस आजीविका मेला: विभिन्न राज्यों की साडियां बनीं महिलाओं की पहली पसंद

### पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने जीत लोगों का दिल

**नोएडा।** नोएडा हाट में 21 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक आयोजित सरस आजीविका मेला 2025 के दूसरे दिन, यानी 22 फरवरी को शनिवार को लोगों ने खासकर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। यह मेला ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच बन गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) के समर्थन से चल रहे इस मेले में देश भर के 31 राज्यों के हजारों उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री हो रही है।

ग्रामीण कला और संस्कृति का अनूठा संगम

सरस आजीविका मेला 2025 में 400 से अधिक महिला शिल्पकारों ने अपने हस्तकला और पारंपरिक कलाओं का प्रदर्शन किया। ये महिलाएं विभिन्न स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और अपने कौशल के जरिए ग्रामीण संस्कृति को जीवंत कर रही हैं। मेले में 85 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

इस बार मेले का एक खास आकर्षण इंडिया फूड कोर्ट भी है। जहां देश भर के 20 राज्यों की 80 उद्यमी गृहणियों ने अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाए हैं। इन स्टालों पर हर प्रदेश के व्यंजनों का अनोखा स्वाद चखने को मिल रहा है।



लखपति दीदियों की उपस्थिति

सरस आजीविका मेला 2025 में देशभर से 400 से अधिक लखपति दीदियों ने भाग लिया। ये महिलाएं अपने उत्पादों के साथ मेले में शामिल हुईं और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि मेले को सफल बनाने के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और एनआईआरडीपीआर पूरी तरह से प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न राज्यों से आई दीदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**हस्तशिल्प और हथकरघा का शानदार प्रदर्शन**

मेले में हस्तशिल्प और हथकरघा के उत्पादों की भरमार है। आंध्र प्रदेश की कलमकारी, आसाम का मेखला चादर, बिहार की कॉटन और सिल्क साड़ियां, छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, गुजरात का भारत गुंथन और पैचवर्क, झारखंड की तासर सिल्क और कॉटन साड़ियां, मध्यप्रदेश के चंदेरी और बाग प्रिंट, मेघालय के इरी उत्पाद, ओडिशा की तासर और बांदा साड़ियां, तमिलनाडु की कांचीपुरम साड़ी, तेलंगाना की पोचमपुरम साड़ी, उत्तराखंड की पश्मीना, और पश्चिम बंगाल की बालुचरी साड़ियों ने लोगों का ध्यान खींचा। इसके अलावा, हस्तशिल्प, ज्वेलरी और होम डेकोर के उत्पादों में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वेलरी, आसाम के वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, बिहार की मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट, छत्तीसगढ़ के बेलमेटल उत्पाद, गुजरात के मडमिरर वर्क और डोरी वर्क, हरियाणा के टेरा कोटा उत्पाद, झारखंड की ट्राइबल ज्वेलरी, कर्नाटक के चन्नापटना खिलौने, ओडिशा के पटचित्र और तेलंगाना के लेदर बैग भी लोकप्रिय रहे। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों की भरमार

मेले में प्राकृतिक खाद्य पदार्थों के स्टाल भी लगाए गए हैं। इन स्टालों पर अदरक चाय, दाल कॉफी, पापड़, एपल जैम, अचार आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। दूसरे दिन शनिवार को महिलाओं ने उत्तर प्रदेश की बनारसी साड़ियों के साथ-साथ ओडिशा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, बिहार और आंध्र प्रदेश की साड़ियों की खरीदारी की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद**

मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद लिया जा रहा है। दूसरे दिन पश्चिम बंगाल के रवींद्रनाथ टैगोर की नायिकाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नोएडा के सत्यम इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन के ग्रुप डांस की प्रस्तुति पर भी तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय सरस आजीविका मेला 2025 न केवल ग्रामीण कलाओं को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का भी एक मंच प्रदान कर रहा है।

## सपा नोएडा महानगर ने ममूरा व ककराला गांव में किया पी डी ए पंचायत का आयोजन



**नोएडा।** सपा नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में ममूरा व ककराला गांव में पी डी ए पंचायत का आयोजन किया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि सपा सरकार के कार्यों को भाजपा अपना बता रही है। वर्तमान सरकार के राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी व ठेकेदार आपस में जनता के पैसों को लूटने का काम कर रहे हैं। बिना कार्य के ही ठेकेदारों के बिल पास हो रहे हैं और उनको पैसे मिल रहे हैं। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व जय करण चौधरी ने कहा कि पी डी ए ही एनडीए को हराएगा। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश सरकार का सत्ता से जाना तय है। कार्यक्रम का आयोजन नकुल चौहान विपिन चौहान व हाजी अली शेर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में महासचिव विकास यादव, विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, रामवीर यादव, राम सहेली,अनुराग यादव, फूल सिंह यादव,विनोद प्रधान, दयानंद, वेद प्रकाश, शिवम, अतुल, मिथुन, बलराम ,सुनील ,मोहम्मद दिलदार, ब्रह्मदेव पांडे, विजय कुमार, पिंकू ,जितेंद्र ,विशाल, नासिर ,मोहम्मद मिलादुद्दीन, सुरेंद्र ,तारकेश्वर, मिंटू, सुमित ,डालचंद ,आदेश, प्रमोद चौधरी,फरमूद, जाकिर, चौधरी खान,नजाकत, खलील, साजिद, अमरादु, हाजी जी, मोहम्मद समीर ,शाहनवाज, खुर्शीद ,मेहरबान ,सलमान, अनस ,जुनैद, सिराजुद्दीन ,अस्मत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, घायल अवस्था में गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना कासना पुलिस द्वारा सिरसा गोल चक्कर पर चैकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक संदिग्ध मो0सा0 आती हुयी दिखाई दी जिसे रूकने का इशारा किया गया लेकिन मो0सा0 सवार पीछे मुडकर भागने लगे। पुलिस द्वारा मो0सा0 सवार का पीछा किया गया। अपने आप को घिरता देख मो0सा0 सवार द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर किया गया।



पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान दानिश पुत्र अकबर निवासी कालापीर थाना सिकंदराबाद बुलंदशहर के रूप में हुयी। बदमाश के कब्जे से 01 मो0सा0 स्पलैंडर तथा 01 तमंचा .315 बोर, 01 खोखा व 01 जिंदा कारतूस बरामद। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जा रहा है। अभियुक्त के विरुद्ध नकबजनी ,चोरी, गैंग्स्टर आदि आधा दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# जीबीयू में सूत्त पिटक पाली में बौद्ध दर्शन के सामाजिक-नैतिक परिप्रेक्ष्य विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

**नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता विद्यालय द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद , नई दिल्ली के सहयोग से "सूत्त पिटक पाली में बौद्ध दर्शन के सामाजिक-नैतिक परिप्रेक्ष्य" विषय पर 24-25 फरवरी 2025 को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

गौतम बुद्ध के उपदेश, जिन्हें 'बुद्धवचन' के रूप में जाना जाता है, सम्पूर्ण मानवता के कल्याण हेतु प्रदान किए गए थे। ये शिक्षाएँ पाली भाषा में संरक्षित हैं, जिससे बौद्ध दर्शन की मूल भावना को समझने में सहायता मिलती है। त्रिपिटक के तीन भागों में से एक सूत्त पिटक, बौद्ध दर्शन के सामाजिक और



नैतिक पहलुओं पर केंद्रित है। इस कार्यशाला का उद्देश्य इसी महत्वपूर्ण ग्रंथ के माध्यम से बौद्ध नैतिकता और समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण को समझना है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप भारत की शास्त्रीय भाषाओं, विशेष रूप से पाली भाषा के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है। अक्टूबर 2024 में पाली को भारत की शास्त्रीय भाषा घोषित किया गया था, जो इसकी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत में महत्त्व को दशार्ता है।

कार्यशाला के प्रमुख उद्देश्य में मुख्यतः सूत्त पिटक में वर्णित सामाजिक और नैतिक दर्शन की प्रासंगिकता का अध्ययन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली में पाली भाषा और साहित्य के योगदान को समझना और उसपर विस्तृत चर्चा बौद्ध अध्ययन के विख्यात विद्वानों द्वारा किया जाएगा, विभिन्न विषयों (दर्शन, इतिहास, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति, नैतिकता, हिंदी, अंग्रेजी, बौद्ध अध्ययन) के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए बौद्ध शब्दावली को सरल बनाना, पाली भाषा और साहित्य में अन्य संबद्ध विषयों के विद्वानों की रुचि बढ़ाना, पाली भाषा और साहित्य को दर्शनशास्त्र के विद्वानों के बीच लोकप्रिय बनाना एवं और उसके प्रति जागरूकता बढ़ाना।

प्रतिभागियों को बौद्ध दर्शन के सामाजिक-नैतिक पहलुओं की गहन समझ प्राप्त होगी।

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी